
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 128 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 16 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## महाशिवरात्रि: राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

देशभर में भगवान शिव की



आराधना और उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा,

"महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। मेरी प्रार्थना है कि महादेव की कृपा हम सभी पर सदा बनी रहे और हमारा देश प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहे।"

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा,

"सभी देशवासियों को भक्ति, शक्ति और भगवान भोलेनाथ को समर्पित पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। काशी से रामेश्वरम् तक, यह पावन पर्व भारत की अखंड और शाश्वत आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। महादेव और माता पार्वती की कृपा से हम सभी को सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो।"

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'एक्स' पोस्ट में लिखा,

"मेरी कामना है कि आदिदेव महादेव सदैव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सबका कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो।"

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा,

"देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना है कि उनकी कृपा से विश्व में शांति और सद्भाव की भावना मजबूत हो। भगवान शिव का आशीर्वाद हमारे देश को एकता, सुरक्षा और निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाता रहे। सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो।"

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा,

"हर हर महादेव !समस्त देशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव सभी के जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान करें।"

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने भी देशवासियों और श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए भगवान शिव से देश की खुशहाली, समृद्धि और हर हृदय में शांति की कामना की। (इनपुटः आ-ईएएनएस)

# महाशिवरात्रि: त्रिशूल, चंद्र और सूर्य के दिव्य शृंगार में सजे बाबा महाकाल, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**समाज जागरण**

उज्जैन, 15 फरवरी 2026: महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा महाकालेश्वर मंदिर श्रद्धा और भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर दिखाई दिया। 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के बाहर लंबी कतारें लग गईं, और प्रशासन ने सुव्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं कीं।

मंदिर प्रशासन के अनुमान के अनुसार 15 और 16 फरवरी को दस लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा है।

### बाबा महाकाल का अलौकिक शृंगार

इस अवसर पर बाबा महाकाल को दूल्हे के रूप में विशेष और दुर्लभ शृंगार में सजाया गया। उनके माथे पर त्रिशूल, चंद्र और सूर्य को अर्पित किया गया। मंदिर के पुजारी के अनुसार, यह शृंगार शिव-पार्वती के दिव्य विवाह और शिवत्व के सौम्य-उग्र संतुलन का प्रतीक है।



**पुजारी ने बताया:**

"बाबा महाकाल के प्रांगण में शिव नवरात्रि और महाशिवरात्रि का उत्सव अत्यंत श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। लगातार 44 घंटे तक बाबा का दरबार भक्तों के लिए खुला रहेगा और भव्य भस्म आरती की जाएगी। भक्त आज दूध, दही, जल और फलों के रस से बाबा का विशेष पंचामृत अभिषेक कर सकते हैं।"

भांग से बाबा का विशेष शृंगार किया गया, और माथे पर सेहरानुमा मुकुट सजाया गया। यह प्रतीक है कि दिन और रात सब कुछ उनके अधीन है, जिसके बाद बाबा का होल्कर अभिषेक संपन्न होगा।



### विशेष अनुष्ठान और भस्म आरती

पुजारी ने आगे बताया कि महाशिवरात्रि परः
दूध, दही, गंगाजल और फलों के रस से पंचामृत अभिषेक
बाबा का विशेष भांग शृंगार
होलेक अभिषेक और सेहरानुमा मुकुट
भस्म आरती 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे, जो साल में केवल एक बार होती है

मंदिर प्रशासन ने बताया कि भक्तों के लिए यह अवसर आध्यात्मिक अनुभव और शिवभक्ति का जीवंत प्रतीक है।

महाशिवरात्रि की आध्यात्मिक रात्रि ने उज्जैन नगरी को श्रद्धा, साधना और शिवमय चेतना से परिपूर्ण कर दिया है। (इनपुट-आईएएनएस)

### भक्तों की भक्ति और सुरक्षा व्यवस्था

मंदिर में भीड़ सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक थी। श्रद्धालु रात से ही लाइनों में लगे हुए थे और अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। प्रशासन ने सुरक्षा, मेडिकल सुविधा और सुलभ दर्शन सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय कर दिए हैं।

**मुख्य व्यवस्थाएं:**

*ट्रैफिक डायवर्ट किया गया*
*मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल की तैनाती*
*मेडिकल और इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध*
*भक्तों के लिए व्यवस्थित कतार और दर्शन सुविधा*

# सोने-चांदी में जारी रहेगी उठापटक

## क्या अमेरिकी GDP और महंगाई के आंकड़े बिगाड़ेंगे बाजार का खेल ?

**समाज जागरण**

नई दिल्लीः सोना और चांदी जैसे कीमती धातुओं में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। बाजार के जानकारों का मानना है कि जब तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक की नीतिगत दिशा और वैश्विक आर्थिक तस्वीर साफ नहीं होती, तब तक कीमतें सीमित दायरे में ही घूमती रहेंगी।




निवेशकों की नजर अमेरिका के अहम आर्थिक आंकड़ों– महंगाई, GDP रिपोर्ट और फेडरल रिजर्व के संकेतों–पर टिकी हुई है। ये आंकड़े आगे की चाल तय करने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी एवं करेंसी रिसर्च के वाइस प्रेसिडेंट प्रणव मेर के अनुसारः

"सोना और चांदी फिलहाल स्थिरता के दौर में हैं, लेकिन अमेरिकी GDP, PCE महंगाई और फेड के संकेत बाजार में लगातार हलचल पैदा करते रहेंगे। ट्रेडरों को साफ दिशा नहीं मिल रही, इसलिए हर नई खबर पर तेज प्रतिक्रिया दिख रही है।"

### किन संकेतों पर रहेगी बाजार की नजर

ट्रेडर विशेष रूप से इन बिंदुओं पर फोकस करेंगेः
अमेरिकी रोजगार आंकड़े
फेडरल ओपन मार्केट कमिटी (FOMC) की बैठक के मिनट्स, फेड अधिकारियों के बयान, PCE महंगाई डेटा

### अमेरिकी GDP रिपोर्ट

विशेषज्ञों का कहना है कि इनसे ब्याज दरों में संभावित कटौती का समय और रफ्तार स्पष्ट हो सकती है।

# भारत ने ड्रामेबाज पाकिस्तान की उतारी इज्जत, T20I में पड़ोसियों पर सबसे बड़ी जीत

नई दिल्ली. क्रिकेट के मैदान पर दो चिर-प्रतिद्वंदी टीमें आमने सामने थीं. टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच जबरदस्त मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही थी. लेकिन सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम इंडिया के सामने पाकिस्तान ने आसानी से हथियार डाल दिए. नतीजतन भारतीय टीम लगातार तीसरा मैच जीतकर टी20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 राउंड में पहुंच गई. कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पहले इशान किशन ने अपने बल्ले की धमक दिखाई. उसके बाद भारतीय गेंदबाजों खासकर स्पिनर्स ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को एक एक कर अपनी फिरकी में फंसाते चले गए. विराट कोहली के समकक्ष बाबर आजम भी अक्षर पटेल की गेंद पर गच्चा खा गए और अपना विकेट तोहफे में देकर चलते बने. भारत की टी20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान पर 61 रन की यह सबसे बड़ी जीत है.




भारत की ओर से रखे गए 176 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य के सामने पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 114 रन पर ढेर हो गई. पाकिस्तान के लिए उस्मान खान सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने 34 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली लेकिन उनकी यह पारी टीम के काम नहीं आ सकी. पाकिस्तानी टीम को भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर एक के बाद एक झटके दिए. कप्तान सलमान आगा सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हुए वहीं ओपनर साहिबजादा फरहान को पंड्या ने खाता भी नहीं खोलने दिया. बाबर 5 रन बनाकर आउट जबकि सैम अयूब 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे. भारत की ओर से हार्दिक, अक्षर, बुमराह और वरुण ने दो दो विकेट लिए.

## दोपहिया निर्यात में 'ब्रांड इंडिया' का दम, बजाज ऑटो की जोरदार वापसी



नई दिल्लीः देश के दोपहिया वाहन निर्यात में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान मिला-जुला रुख देखने को मिला, लेकिन वैश्विक बाजार में 'ब्रांड इंडिया' की पकड़ लगातार मजबूत हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलते राजनीतिक, आर्थिक और प्रतिस्पर्धी कारकों के कारण निर्यात में उतार-चढ़ाव इस कारोबार का स्वाभाविक हिस्सा है।

प्राइमस पार्टनर्स के प्रबंध निदेशक अनुराग सिंह के मुताबिक भारतीय कंपनियां विदेशी संयंत्रों और वैश्विक साझेदारियों में निवेश बढ़ाकर अपनी दीर्घकालिक मौजूदगी मजबूत कर रही हैं। इससे भारत का दोपहिया उद्योग कम लागत वाले निर्यातक से आगे बढ़कर उभरते बाजारों का भरोसेमंद परिवहन साझेदार बन रहा है।

### बजाज ऑटो की दमदार वापसी

राजीव बजाज ने बताया कि कंपनी का निर्यात तीसरी तिमाही में प्रति माह 2 लाख यूनिट के पार पहुंच गया, जो लगभग तीन साल में पहली बार है।

लैटिन अमेरिका में मजबूत मांग
कोलंबिया और ब्राजील में बेहतर प्रदर्शन, कुल बिक्री में निर्यात की हिस्सेदारी करीब 40%, पहले 9 महीनों में निर्यात 15.5% बढ़कर 14.2 लाख वाहन

### हीरो और टीवीएस का सतर्क रुख

हीरो मोटोकॉर्प के CFO निरंजन गुप्ता ने कहा कि कंपनी की वैश्विक बिक्री तिमाही में 41% बढ़ी, हालांकि निर्यात अभी कुल कारोबार का छोटा हिस्सा है। कंपनी का निर्यात अप्रैलझ्रदिसंबर में 48.2% बढ़कर 2.78 लाख वाहन रहा। वहीं टीवीएस मोटर कंपनी के प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने अफ्रीका में जारी अस्थिरता को चिंता का विषय बताया। कंपनी का निर्यात इस अवधि में 34.7% बढ़कर लगभग 10.5 लाख वाहन पहुंच गया। विशेषज्ञों के अनुसार, क्षेत्रीय उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय दोपहिया कंपनियां वैश्विक बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं। हालांकि फेडरल नीतियों, क्षेत्रीय मांग और भू-राजनीतिक हालात पर आगे की रफ्तार निर्भर करेगी।

## हर महीने लाख तक कमाने लगीं हैं लखपति दीदियां

# 33 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में अग्रसर, सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर, लखपति दीदी परिवार का बनीं सहारा

लखनऊ, 15 फरवरी उत्तर प्रदेश में महिलाएं अब आर्थिक स्वावलंबन के माध्यम से सफलता की नई कहानियां गढ़ रहीं हैं। लखपति दीदी योजना से कई महिलाएं हर महीने एक लाख रुपये तक की कमाई कर रहीं हैं। पिछले नौ साल में महिला सशक्तीकरण के लिए प्रदेश सरकार ने तत्परता से योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे यह उपलब्धि हासिल हो पायी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 33 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

बढ़ी कमाई, परिवार का बनीं सहारा

आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल हैं आजमगढ़ जिले की हुस्नआरा खातून जो तैबा स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं । वे रेशमी साड़ी निर्माण के काम से जुड़ीं हैं। लखपति दीदी योजना के माध्यम से जब एक लाख 15 हजार रुपये की सहायता मिली तो जैसे ठहरी हुई रफ्तार को पंख लग गए। आज वे प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपये तक कमा रहीं हैं। वे कहती हैं कि अब उनका कारोबार बारह गुना तक बढ़ चुका है। उनका परिवार सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीवनयापन कर रहा है।

### आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन को मिला बल

प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संसाधन, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने का जो व्यापक ढांचा तैयार हुआ, उसने हजारों परिवारों की तकदीर बदल दी। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत ही आजमगढ़ की शशिकला राजभर ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ऋण प्राप्त किया। इससे अदिति फास्ट फूड के नाम से अपना स्टॉल शुरू किया। आज वे प्रतिदिन लगभग 2000 रुपये का कारोबार कर रही हैं। वे बताती हैं कि पहले रोजगार की तलाश में थी, आज वे दूसरों के लिए प्रेरणा बन चुकीं हैं। यह परिवर्तन दशार्ता है कि योजनाएं जब सही दिशा और निगरानी के साथ लागू होती हैं तो परिणाम समाज की संरचना को बदल देते हैं।

### लगभग 40 हजार करोड़ रुपये का लेनदेन

महिला सशक्तीकरण का सबसे मजबूत स्तंभ वित्तीय सहायता है जिसमें प्रदेश सरकार ने खासी प्रगति हासिल की है। आजमगढ़ की सरोज मौर्या इसकी जीवंत तस्वीर हैं। पढ़ाई के साथ वे बीसी सखी के रूप में कार्य कर रहीं हैं और गांवों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचा रही हैं। उनके बताया कि पहले ग्रामीण महिलाएं बैंक जाने से हिचकतीं थीं। अब वे घर के पास ही जमा-निकासी, पेंशन वितरण और डिजिटल भुगतान जैसी सेवाएं पा रहीं हैं। इस पहल ने महिलाओं को न केवल रोजगार दिया बल्कि उन्हें आर्थिक निर्णयों में सहभागी भी बनाया। बीसी सखियों ने प्रदेश में अब तक लगभग 40 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय लेनदेन किया है और 107 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश अर्जित किया है।

# बिगडती छवि से दबाव में मोहन सरकार

मध्यप्रदेश में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. सरकार की छवि दिनोंदिन धूमिल हो रही है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पार्टी संगठन में असंतोष के साथ ही मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के भी दबाव में है. सरकार ने अपने कामकाज के महिमामंडन के लिए शिवराज सिंह चौहान की सरकार में काम करने वाले अधिकारियों को फिर से महत्वपूर्ण पदों पर तैनात कर सबको चोंकाया है.

अमूमन हर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल एक आम कवायद होती है लेकिन जिस तरह से बीते रोज मप्र में प्रशासनिक फेरबदल किया गया उससे जाहिर है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास सरकार की बिगडती छवि को सुधारने के लिए उन अधिकारियों को वापस लाने के अलावा कोई विकल्प बचा ही नही था जिन्हे दो साल पहले शिवराज सिंह चौहान का खास मानकर चलता कर दिया गया था.

डबरा में मप्र के पूर्व गृहमंत्री द्वारा तंत्र -मंत्र से भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आतंकित हैं. दूसरी तरफ मालवा में कैलाश विजयवर्गीय, बुंदेलखंड में गोपाल भार्गव सरकार के खिलाफ न सिर्फ आक्रामक हैं बल्कि निजी रूप से मुख्यमंत्री को क्षति पहुंचा रहे हैं. मीडिया भी सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति मुखर दिखाई दे रहा है, लेकिन मप्र का मेकअप डिपार्टमेंट यानि जनसंपर्क विभाग लचर साबित हो रहा था ऐसे में बहुत सोच विचार क बाद प्रदेश सरकार ने शनिवार देर रात एक बड़ीप्रशासनिक सर्जरी करते हुए 11 भाप्रसे अधिकारियों का तबादला कर दिया.

आपको याद होगा कि पिछले महिने ही मुख्यसचिव अनुराग जैन ने एक वीडियो कांफ्रेंसिंग में मैदानी अधिकारियों को प्रदेश में बढते भ्रष्टाचार के लिए आडे हाथों लिया था, उसी समय से ये संकेत मिल रहे थे कि प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी शुरू हो गई है. जैन का वीडियो वायरल होने और खबर लीक होने से भी सरकार और मुख्यमंत्री की छवि को भारी क्षति हुई थी.

प्रशासनिक सर्जरी में सबसे महत्वपूर्ण मनीष सिंह की नयी पदस्थापना है. वे मप्र के छवि निर्माण का काम करने वाले जनसंपर्क विभाग का मुखिया बनाया गया है.एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अशोक बरनवाल को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है. बरनवाल ने संदीप यादव की जगह ली है, जिन्हें फॉरेस्ट का प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनाया गया है. यादव को एन आर आई विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी का एडिशनल चार्ज भी दिया गया है. मप्र में पत्रकारों की आखरी पंचायत कराने वाले मनीष सिंह को एक बार फिर पब्लिक रिलेशन्स डिपार्टमेंट का कमिश्नर बनाया गया है और वे ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी का एडिशनल चार्ज भी संभालते रहेंगे.

पब्लिक रिलेशन्स कमिश्नर दीपक सक्सेना, जो चार महीने से इस पोस्ट पर थे. उन्होने इस संक्षिप्त कार्यकाल में ही विभाग का भट्टा बैठा दिया था. इस वजह से सरकार के साथ ही मुख्यमंत्री की छवि को भी गहरा धक्का लगा था. दीपक सक्सेना को हटाना मुख्यमंत्री की मजबूरी बन गई थी.सक्सेना अब ग्वालियर में एक्साइज कमिश्नर बनाये गया है. उन्होंने अभिजीत अग्रवाल की जगह ली है. जिन्हें स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन का मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया गया है.

गौरतलब है कि अभिजीत अग्रवाल का तबाला नई आबकारी लागू होने से पहले हुआ है. इसका सीधा सा मतलब है कि सरकार को अभिजीत की क्षमताओं पर भरोसा नहीं था. वैसे भी अग्रवाल मुख्यमंत्री का दिल नहीं जीत पाए थे.वे छग के एक भाजपा नेता के दामाद हैं.

अजय गुप्ता को किसान कल्याण और कृषि विकास के डायरेक्टर पद से ट्रांसफर करके ईस्ट रीजन पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, जबलपुर का मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया गया है.एक और आई एएस उमाशंकर भार्गव आठ महीने बाद राजभवन से किसान कल्याण और कृषि विकास के डायरेक्टर का पद संभालने के लिए लौटे हैं. भिंड जिला पंचायत के सीईओ सुनील दुबे को गवर्नर का डिप्टी सेक्रेटरी बनाया गया है. जबकि हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट की डिप्टी सेक्रेटरी संघमित्रा गौतम को अलीराजपुर जिला पंचायत का सीईओ बनाया गया है.

इस प्रशासनिक सर्जरी पर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि एक्साइज डिपार्टमेंट में भ्रष्ट लोगों को बचाया जा रहा है. अभिजीत अग्रवाल ने एक्साइज डिपार्टमेंट में भ्रष्ट लोगों को पनाह दी. इंदौर में 75 करोड़ रुपये के नकली चालान, जबलपुर में जहरीली शराब से 15 से ज्यादा मौतें. लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई!"

इस प्रशानिक सर्जरी को लेकर जितने मुंह हैं उतनी बातें है. अब इन सब पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी मनीष सिंह पर है. वे साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करने में दक्ष माने जाते हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उन्हे शिवराज सिंह चौहान की तरह कितनी छूट देंगे ये अभी पता नहीं है.

@ राकेश अचल

# गजब की चोरियां...!

छत्तीसगढ़ में हो रहीं हैं गजब की चोरियां,
इस दुनिया में ना जाने क्या-क्या हो रिया।
एक ऐसी चोरी के सुन आप चौंक जाएंगे,
ऐसा भी होता है हँसने से ना रोक पाएंगे?

कोरबा में 40 साल पुराना 'लोहे' का पुल,
यहाँ चोरी रातों-रात हुई बत्ती हो गई गुल।
1 दिन पूर्व हसदेव नदी की नहर से गुजरे,
सुबह आए 30 टन वजनी पुल ढूंढे नजरें।

चोरों ने गैस कटर से पुल काटकर चुराया,
कमाल की बात ये है कोई भी नहीं धराया।
इस चोरी के पीछे एक कबाड़ी का हाथ है,
यारों ऐसे भी होता है बड़ी अजीब बात है।
(संदर्भ-रातों रात पुल चुराकर ले गए चोर)

संजय एम तराणेकर

# जब सुप्रीम कोर्ट में एक युवा ने खुद लड़ी अपनी लड़ाई

जबलपुर की साधारण गलियों से निकलकर देश के सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचने वाली अर्थव चतुर्वेदी की यात्रा केवल एक छात्र की व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस जिद, आत्मविश्वास और धैर्य का उदाहरण है जो विपरीत परिस्थितियों में भी रास्ता बना लेता है। यह कथा हमें बताती है कि सपनों की राह में आर्थिक सीमाएँ, प्रशासनिक बाधाएँ और संसाधनों की कमी दीवार बनकर खड़ी जरूर होती हैं, परंतु दृढ़ निश्चय उन्हें पार कर सकता है। अर्थव चतुर्वेदी का जीवन इसी सत्य का प्रमाण है। एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे इस युवक के सामने भी वही चुनौतियाँ थीं जो देश के लाखों विद्यार्थियों के सामने होती हैं—सीमित साधन, अनिश्चित अवसर और भविष्य को लेकर संघर्ष। फिर भी उन्होंने जो राह चुनी, वह असाधारण थी।

अर्थव बचपन से ही पढ़ाई में तेज और जिज्ञासु प्रवृत्ति के थे। उनके पिता एक साधारण नौकरीपेशा व्यक्ति थे और परिवार की आय सीमित थी, लेकिन घर का वातावरण शिक्षा और अनुशासन से भरा हुआ था। माता ने उन्हें परिश्रम और धैर्य का मूल्य सिखाया, जबकि पिता ने आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। स्कूली जीवन में वे पढ़ाई के साथ सामान्य बच्चों की तरह खेल-कूद और मनोरंजन में भी रुचि रखते थे, परंतु परीक्षा के समय उनका समर्पण साफ दिखाई देता था। दसवीं में उत्कृष्ट अंक लाने के बाद उन्होंने विज्ञान को अपना रास्ता चुना। उनके सामने इंजीनियरिंग और चिकित्सा दोनों विकल्प थे, और दोनों में सफलता के बावजूद उनका मन चिकित्सा की ओर खिंचता चला गया। डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने का सपना उनके भीतर गहराई से बस गया था।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में उन्होंने ऐसे अंक प्राप्त किए जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अंतर्गत मेडिकल सीट पाने के लिए पर्याप्त थे। यहीं से संघर्ष का वह अध्याय शुरू हुआ जिसने उनकी कहानी को असाधारण बना दिया। प्रशासनिक देरी और नीतिगत विसंगतियों के कारण उन्हें वह अवसर नहीं मिल सका जिसके वे अधिकारी थे। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि निजी कॉलेज की महँगी फीस वहन की जा सके। इस स्थिति में अधिकांश छात्र निराश होकर समझौता कर लेते, लेकिन अर्थव ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने तय किया कि वे अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे और न्याय की राह चुनेंगे। यह निर्णय जोखिम भरा था, क्योंकि उनके पास कानूनी शिक्षा नहीं थी और वकील रखने के लिए पैसे भी नहीं थे, फिर भी उन्होंने स्वयं याचिका तैयार करने का साहस दिखाया।

उन्होंने इंटरनेट और पुस्तकों की सहायता से कानून और संविधान के प्रावधानों का अध्ययन शुरू किया। अनुच्छेदों, नियमों और पूर्व निर्णयों को समझते हुए उन्होंने अपने तर्कों को व्यवस्थित किया। याचिका तैयार करना, दस्तावेज जुटाना और प्रस्तुतिकरण बनाना—यह सब उन्होंने स्वयं किया। यह प्रक्रिया केवल कानूनी तैयारी नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास की परीक्षा भी थी। अदालत में स्वयं खड़े होकर अपनी बात रखना किसी अनुभवी व्यक्ति के लिए भी आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने इसे अपने लक्ष्य की दिशा में आवश्यक कदम माना। जब मामला न्यायालय में पहुँचा तो उनकी सादगी और स्पष्टता ने सबका ध्यान खींचा। उनके शब्दों में कोई दिखावा नहीं था, केवल तर्क और विश्वास था।

अदालत के समक्ष प्रस्तुत होते समय उन्होंने जिस विनम्रता और संयम का परिचय दिया, वह उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। सीमित समय में उन्होंने अपने पक्ष को तथ्य और उदाहरणों के साथ रखा और यह स्पष्ट किया कि प्रशासनिक देरी के कारण उनका मौलिक अधिकार प्रभावित हुआ है। उनके तर्कों में भावनात्मक अपील कम और तर्कसंगतता अधिक थी, जिसने न्यायालय को प्रभावित किया। अंततः न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय दिया और उन्हें वह अवसर मिला जिसकी वे लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। यह निर्णय केवल एक छात्र की सफलता नहीं था, बल्कि यह उन अनेक विद्यार्थियों के लिए आशा का संदेश था जो समान परिस्थितियों से गुजरते हैं।

इस पूरी घटना ने समाज में कई प्रश्न भी उठाए। शिक्षा व्यवस्था में नीतियों के क्रियान्वयन की खामियाँ उजागर हुईं और यह स्पष्ट हुआ कि आरक्षण और अवसरों से जुड़ी योजनाएँ तभी सार्थक होती हैं जब उनका सही और समय पर पालन हो। अर्थव की जीत ने यह भी दिखाया कि कानूनी जागरूकता कितनी महत्वपूर्ण है। यदि नागरिक अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं को समझें, तो वे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकते हैं। यह कथा हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूक नागरिक बनने का आधार भी है।

अर्थव की सफलता में उनके परिवार और शिक्षकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं थी। संसाधनों की कमी के बावजूद परिवार ने उनका मनोबल बनाए रखा और शिक्षकों ने उन्हें स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी। यह सामूहिक समर्थन ही था जिसने उन्हें कठिन समय में टूटने नहीं दिया। उनकी कहानी इस तथ्य को रेखांकित करती है कि एक व्यक्ति की सफलता अक्सर कई लोगों के विश्वास और सहयोग का परिणाम होती है। यह केवल व्यक्तिगत परिश्रम की कथा नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग का भी उदाहरण है।

आज जब वे चिकित्सा शिक्षा की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, तो उनका लक्ष्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं है। वे समाज को कुछ लौटाने की इच्छा रखते हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ स्वास्थ्य सुविधाएँ कम उपलब्ध हैं। उनके अनुभव ने उन्हें संवेदनशील बनाया है और वे जानते हैं कि संघर्ष की पीड़ा क्या होती है। यही अनुभव उन्हें भविष्य में एक संवेदनशील चिकित्सक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। उनकी यात्रा यह भी दिखाती है कि सफलता का वास्तविक अर्थ केवल मंजिल तक पहुँचना नहीं, बल्कि उस रास्ते से सीखना है जो हमें वहाँ तक ले जाता है।

अर्थव चतुर्वेदी की कथा हमें याद दिलाती है कि सपने देखने और उन्हें साकार करने के बीच संघर्ष का पुल होता है। यह पुल पार करने के लिए साहस, धैर्य और ज्ञान की आवश्यकता होती है। उनकी कहानी उन युवाओं के लिए संदेश है जो परिस्थितियों से घबराकर अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। यह बताती है कि कठिनाइयाँ अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत हो सकती हैं। जब एक साधारण छात्र अपने दम पर न्याय की राह खोज सकता है, तो यह समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन जाता है। अंततः यह कथा केवल एक सफलता की नहीं, बल्कि उस विश्वास की है कि यदि मन में दृढ़ता हो, तो साधारण पृष्ठभूमि से उठकर भी असाधारण उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं।



महेन्द्र तिवारी

# स्वावलंबी युवा राष्ट्र हित का कर्मयोगी।

# स्वयं की ऊर्जा और क्षमता से स्वरोजगार का चयन उचित।

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए अपनी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार रोजगार की तलाश राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण योगदान भी हो सकता है।

भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्त्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।



संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक, स्तंभ कार, रायपुर छत्तीसगढ़


# अकइम्पैक्ट समिट के जरिए भविष्य की चुनौतियों और निवेश पर बड़ा दांव

सरकार की महत्त्वाकांक्षा एकदम स्पष्ट है: भारत को वैश्विक एआई परिदृश्य की एक विश्वसनीय आवाज के रूप में स्थापित करना नई दिल्ली में इस सप्ताह होने जा रही एआई इम्पैक्ट समिट एक ऐसे समय में आयोजित हो रही है जब आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को दुनिया भर में तेजी से अपनाया जा रहा है। सरकार की महत्त्वाकांक्षा एकदम स्पष्ट है: भारत को वैश्विक एआई परिदृश्य की एक विश्वसनीय आवाज के रूप में स्थापित करना। अभी इस क्षेत्र में मोटे तौर पर अमेरिका और चीन का दबदबा है।

इस समिट में 100 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं और इसका उद्देश्य है वैश्विक विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करना, पूंजी जुटाना और उन नियमों को आकार देना जो पश्चिमी प्राथमिकताओं को नहीं दशार्ते हों या चीन के नेतृत्व वाले सरकारी मॉडल का अनुकरण नहीं करते हों। इस संदर्भ में भारत के पास ऐसी मजबूती है जो इसे आगे बढ़ा सके। यह एआई टूल्स के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजारों से एक है जिन्हें तमाम कंपनियां और परिवार तेजी से अपना रहे हैं। इस भारी मांग की वजह से आकर्षित होकर पहले ही वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां भारत में अभूतपूर्व निवेश के वादे और ऐलान कर रही हैं।

एमेजॉन ने वर्ष 2030 तक 35 अरब डॉलर से अधिक निवेश का वादा किया है, माइक्रोसॉफ्ट ने चार साल में 17.5 अरब डॉलर और गूगल ने 15 अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। यह अमेरिका से बाहर गूगल का सबसे बड़ा एआई और डेटा सेंटर हब होगा। भारत की डिजिटल सार्वजनिक अधोसंरचना, कम लागत वाले डेटा और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के बाद नियामक स्थिरता ने निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है।

भारत की व्यापक रणनीति, सॉवरिन कंप्यूट और घरेलू लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स में निवेश के साथ, महंगे फ्रंटियर मॉडल विकास और क्षेत्रवार इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करने के बीच संतुलन बनाने का लक्ष्य रखती है। इस संदर्भ में ताजा आर्थिक समीक्षा ने भी फ्रंटियर मॉडल विकास और ऐप्लीकेशन आधारित इस्तेमाल के बीच असमानता को रेखांकित किया है। यह उल्लेख करते हुए कि फ्रंटियर गैप को कम करने के प्रयास में ज्यादा खर्च आ सकता है।



इसलिए, या तो फ्रंटियर यानी अग्रणी स्तर के मॉडलों का अनुसरण किया जाए या सीमित संसाधनों को घरेलू प्राथमिकताओं के अनुरूप क्षेत्र विशिष्ट एआई प्रणालियों की ओर निर्देशित किया जाए।

संरचनात्मक स्तंभों में 38,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) के माध्यम से कंप्यूट तक पहुंच का विस्तार, एआई कोश डेटासेट भंडार का निर्माण, एआई सुरक्षा संस्थान की स्थापना, और एआई इंसिडेंट का डेटाबेस बनाना शामिल हैं। ये महत्त्वपूर्ण संस्थागत कदम हैं। लेकिन लागू की जा सकने वाली जवाबदेही, मजबूत डेटा शासन और स्पष्ट निवारण तंत्र अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहेंगे। यदि प्रोत्साहन कंपनियों को अपारदर्शिता की ओर धकेलते हैं तो स्वैच्छिक अनुपालन पर्याप्त नहीं होगा।

अन्य बाधाएं भी हैं। भारत की डेटा सेंटर क्षमता अभी भी कुल वैश्विक स्तर का एक छोटा हिस्सा है, और देश में ऐसी घरेलू एआई कंपनियां नहीं हैं जिन्होंने सार्थक पैमाना हासिल किया हो। इसके अलावा, हाइपरस्केल अधोसंरचना भारी मांगों के साथ आती है, जिनमें निर्बाध बिजली, उन्नत शीतलन प्रणालियां, फाइबर कनेक्टिविटी और बड़े पैमाने पर जल उपयोग शामिल हैं। अभी किए गए डिजाइन विकल्प यह तय करेंगे कि भारत एआई कंप्यूट का विस्तार पर्यावरणीय तनाव को बढ़ाए बिना कर सकता है या नहीं।

व्यापक स्तर पर देखें तो समिट की सफलता को केवल निवेश घोषणाओं से नहीं आंका जाना चाहिए। ध्यान देने की आवश्यकता है कि यह समिट तब हो रही है जब वैश्विक शासन परिदृश्य विभाजित है। वर्ष 2023 की ब्लेचली पार्क एआई सुरक्षा समिट में घोषणाएं और प्रतिबद्धताएं तो जताई गईं, लेकिन दीर्घकालिक जोखिमों पर सहमति अभी भी दूर है।

यहां तक कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को विनियमित करना भी एआई के असंख्य डेवलपर्स द्वारा किए जाने वाले तमाम दुरुपयोग को पूरी तरह रोक नहीं सकता। अंतरराष्ट्रीय प्रभाव मानकीकरण को कठिन बनाते हैं, फिर भी वैश्विक चर्चा आवश्यक है। यह पहले से ही साफ है कि एल्गोरिदमिक टूल कैसे गलत तरीके से एक्सक्लूजन कर सकते हैं।

फिर भी, चुनौतियों के बावजूद यह उत्साहजनक है कि इन मुद्दों पर वैश्विक चर्चा आयोजित की जाएगी, और आशा है कि एआई के कुछ संभावित दुष्प्रभाव जल्द ही नियंत्रित किए जा सकेंगे। नौकरियों पर संभावित प्रभाव और बढ़ते कार्यबल को समाहित करने के लिए एआई-कौशल प्रशिक्षण के मुद्दे पर भी गंभीर बहस की आवश्यकता होगी।

अन्य कई मुद्दे भी चर्चा के लिए मौजूद हैं। एआई तेजी से विकसित हो रही है और कई तरीकों से दुनिया को पुनः आकार देने की क्षमता रखती है, ऐसे में यह समिट दिशा और मानकों को परिभाषित करने के लिए एक अच्छा प्रारंभिक बिंदु हो सकती है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महा शिव पुराण कथा का भव्य समापन



समाज जागरण

गाजियाबाद (लोनी): गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र अंतर्गत भारत सिटी में आयोजित महा शिव पुराण कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा पंडाल में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे, जिससे पूरा परिसर शिवमय हो उठा।

व्यास पीठ पर विराजमान संत स्वामी राजेंद्रानन्द सरस्वती जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भक्ति, सेवा और सनातन संस्कृति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। उनके श्रीमुख से शिव पुराण की कथा सुनकर उपस्थित भक्त भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान पूरा पंडाल “हर-हर महादेवह्ल और “बम-बम भोले” के जयकारों से लगातार गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कथा का रसपान किया।

अपने प्रवचन में स्वामी जी ने कहा कि भगवान शिव की सच्ची आराधना से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति प्राप्त होती है। उन्होंने समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों को अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति मानवता को जोड़ने का मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम के अंतिम दिन विशेष पूजा-अर्चना एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन का पूरा सहयोग मिला और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गड्ढे में गिरकर मासूम की मौत



file photo

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा (दनकौर): ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिरकर तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार दलेलगढ़ निवासी अनिल की बेटी अंजलि कुछ दिन पहले अपने ससुराल सिकंदराबाद (बुलंदशहर) से बेटे देवांश और बेटी के साथ मायके आई थीं। शनिवार को गांव के पास स्थित मंदिर में भंडारा चल रहा था, जहां परिवार बच्चे के साथ पहुंचा था। इसी दौरान खेलते-खेलते तीन वर्षीय देवांश पास ही बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरा।

परिजन और ग्रामीण जब तक बच्चे को बाहर निकालते, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त गड्ढा लंबे समय से खुला पड़ा था और बारिश के बाद उसमें पानी भर गया था। कई बार शिकायत के बावजूद प्राधिकरण ने इसे भरवाने या सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए। गांव वालों का कहना है कि सेक्टर-150 की घटना के बाद भी उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पत्र देकर ऐसे खतरनाक गड्ढों को भरने की मांग की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से जिम्मेदारों पर कार्रवाई और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## अवैध गांजा बेचने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

संदीप गर्ग / नोएडाः थाना सेक्टर-20 पुलिस ने अवैध गांजे की बिक्री करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त मौ. सलमान उर्फ विनय उर्फ शान मोहम्मद पुत्र मोहम्मद कासिम को डीएनडी रोड, भेल कॉलोनी के पास सेक्टर-17 नोएडा से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना सेक्टर-20, नोएडा में उसके विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मूल रूप से बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क, दिल्ली-53 का निवासी बताया गया है और उसकी उम्र लगभग 28 वर्ष है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है तथा विभिन्न थानों में उसके खिलाफ 15 से अधिक मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं।

# महाशिवरात्रि पर नोएडा अय्यप्पा मंदिर में गूंजा अखंड जाप, भक्तिमय आयोजन से सराबोर हुआ वातावरण



समाज जागरण

नोएडा : महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नोएडा अय्यप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति रही। भक्तों ने भगवान शिव एवं भगवान अय्यप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर एक अखंड जाप का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व श्रद्धेय गीता नादन ने किया। उनके मार्गदर्शन में श्रद्धालु महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन, स्तोत्र एवं मंत्रोच्चारण कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

इस पावन आयोजन में निर्मला वेणु, इंदिरा, अंबिली, श्रीलता, वैष्णवी एवं उषा सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय रूप से सम्मिलित रहीं। सभी ने पूर्ण श्रद्धा, अनुशासन एवं भक्ति भाव से इस दिव्य अनुष्ठान में भाग लिया।

महाशिवरात्रि का पर्व आत्मचिंतन, साधना और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन उपवास, जाप और रात्रि जागरण करने से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है तथा भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

नोएडा स्थित अय्यप्पा मंदिर में आयोजित यह आध्यात्मिक कार्यक्रम भक्तों के लिए एक दिव्य अनुभव रहा, जिसने सामूहिक भक्ति, सांस्कृतिक एकता और सनातन परंपरा की गरिमा को और सुदृढ़ किया।

# सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी ने 2027 की तैयारी तेज की, बरेली की 9 सीटें जीतने का लक्ष्य



समाज जागरण डेस्क

बरेली (उत्तर प्रदेश): सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र गुर्जर ने बरेली में आयोजित पार्टी कार्यकताओं की बैठक में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तय की। उन्होंने कार्यकताओं को बरेली जिले की सभी 9 विधानसभा सीटें जीतने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा प्रक्रिया भी शुरू कर दी। बरेली जिले की विधानसभा 123 बिथरी चैनपुर से चौधरी देवीराम भाटी गुर्जर (प्रदेश उपाध्यक्ष, निवासी गढ़ी आजमपुर, ग्रेटर नोएडा) तथा विधानसभा 124 बरेली शहर से सुषमा शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा, निवासी बरेली) को प्रत्याशी घोषित किया गया।

इसके अतिरिक्त पार्टी ने पूर्व में विधानसभा 63 जेवर से सोनू शर्मा (गांव हतेवा, ग्रेटर नोएडा) तथा विधानसभा 62 दादरी से मोहम्मद ओवैस खान (जलपुरा, गौतम बुद्ध नगर) को उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने संकेत दिया कि होली के बाद बड़े स्तर पर अन्य प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आदेश दिवाकर (मंडल प्रभारी, बरेली) ने की, जबकि मंच संचालन जगपाल सिंह यादव (प्रदेश संगठन महासचिव, उत्तर प्रदेश) ने किया। बैठक में बबीता गुप्ता, विनय ओबेरॉय, ममता सक्सेना, मोनी सक्सेना, प्रीति सक्सेना, गीता सोलंकी, प्रिया सिंह, ऋतुराज गुप्ता तथा धर्मेंद्र नगर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर चिंता हरण गौरी शंकर मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक, विशाल भंडारा



समाज जागरण डेस्क

रईसपुर, गाजियाबादः महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रईसपुर स्थित चिंता हरण गौरी शंकर मंदिर में श्रद्धा और आस्था के साथ भव्य रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मंदिर परिसर में स्थापित लगभग 4 फीट ऊंचा भव्य शिवलिंग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। बताया गया कि इसका स्वरूप नेपाल के विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के शिवलिंग के समान दिव्य और भव्य है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचे। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर सिंह ह्यचाचाह्ल, उत्तर प्रदेश प्रवक्ता रविंदर त्यागी एवं प्रदेश सचिव रोहित किसान ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया और देश-समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर ह्लहर-हर महादेवह्ल के जयघोष से गूंजता रहा। रुद्राभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ब्रांड इंडिया की चमक से जगमगाया आईएचजीएफ दिल्ली मेला

ग्रेटर नोएडा / दिल्ली-एनसीआर 15 फरवरी 2026 : ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला - स्प्रिंग 2026 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और प्रदर्शकों के मजबूत उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित इस मेले में पुराने ग्राहकों के साथ बड़ी संख्या में नए व्यापारी भी शामिल हुए हैं, जिससे इसकी वैश्विक लोकप्रियता की पुष्टि हुई है। मेले में 17 बड़े हॉलों में 16 उत्पाद श्रेणियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। लगभग 900 स्थायी शोरूम और 3000 से अधिक प्रदर्शक भारतीय शिल्पकला की विविधता और कारीगरी का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## ‘ब्रांड इंडिया’ को मिला वैश्विक समर्थन

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि मेला प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए प्रेरणा का बड़ा मंच बना है, जहां खरीदार सीधे शिल्पकारों और निर्माताओं से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि वैश्विक खरीदार भारतीय आपूर्तिकताओं की ओर बढ़ती प्राथमिकता दिखा रहे हैं, जो भारतीय हस्तशिल्प की विशिष्ट गुणवत्ता और आधुनिक डिजाइन क्षमता का प्रमाण है।

ईपीसीएच के मुख्य संरक्षक एवं आईईएमएल अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि इंडिया एक्सपो सेंटर एक बार फिर अनुभवी वैश्विक खरीदारों और भारतीय निर्यातकों के बीच प्रभावी व्यापारिक सेतु बना है।

## सस्टेनेबिलिटी और एफटीए पर फोकस

मेले के दौरान आयोजित सेमिनारों में उद्योग जगत की मजबूत भागीदारी देखने को मिली। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने बताया कि हालिया मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और बाजार विविधीकरण पर केंद्रित सत्रों ने विशेष रूप से टरटए निर्यातकों को व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान कीं।



स्वागत समिति के उपाध्यक्ष गौतम नथानी के अनुसार, “सस्टेनेबिलिटी – मोर देन अ ट्रेंड” विषयक सत्र ने पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया।

## लाइव आर्ट नीलामी को शानदार प्रतिक्रिया

स्वागत समिति के उपाध्यक्ष आनंद जालान ने बताया कि भारतीय मास्टर शिल्पियों की लाइव आर्ट नीलामी को जबरदस्त प्रतिसाद मिला। कई कलाकृतियां आरक्षित मूल्य से दोगुने से अधिक पर बिकीं।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने कहा कि यह मेला पारंपरिक शिल्प और समकालीन डिजाइन के फ्यूजन का जीवंत केंद्र बनकर उभरा है और खरीदारों की प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक है।

## विदेशी खरीदारों की बढ़ी दिलचस्पी

अमेरिका, फ्रांस, पोलैंड सहित कई देशों से आए खरीदारों ने भारतीय लकड़ी, एनामेल, ग्लासवेयर, फैशन ज्वेलरी और होम डेकोर उत्पादों में खास रुचि दिखाई। खरीदारों का कहना है कि गुणवत्ता, फिनिशिंग और रिसाइकिल्ड सामग्री के उपयोग में भारत की विशेषज्ञता उन्हें आकर्षित कर रही है।

## निर्यात का प्रदर्शन

ईपीसीएच के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का हस्तशिल्प निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन डॉलर) रहा, जो क्षेत्र की मजबूत वैश्विक मांग को दशार्ता है।

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर.

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडाः नोएडा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन ब्रह्माकुमारीज केंद्र, सेक्टर-46, नोएडा में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरा वातावरण शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

यह महोत्सव पिछले एक सप्ताह से चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन था। इससे पहले सेक्टर-15, 37, 51 और 52 स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्रों पर भी अनेक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातःकाल प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया, जो विभिन्न कॉलोनियों से होकर निकलीं।



इन प्रभात फेरियों के माध्यम से भगवान शिव के दिव्य संदेश और उनके ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया गया।

शिव जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण भी किया गया, जो परमपिता परमात्मा के दिव्य अवतरण का प्रतीक है, जो इस धरती पर शांति, पवित्रता और सत्य की स्थापना के लिए आते हैं। यह ध्वज हमें बुराइयों पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है और अपने जीवन में दिव्य गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

सायंकाल में ध्यान सत्र और प्रेरणादायी प्रवचन आयोजित किए गए। अनुभवी राजयोग शिक्षकों ने सरल शब्दों में राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया। और नियमित राजयोग ध्यान से किस प्रकार शांतिपूर्ण और सुखी जीवन का आनंद लिया जा सकता है को रेखांकित किया .

केंद्र प्रभारी बीके लीना ने विभिन्न केंद्रों पर अपने संबोधन में कहा कि हमें साक्षी भाव में रहकर हर परिस्थिति में शांत और स्थिर रहना चाहिए। शुभ भावना और शुभ कामना से सभी आत्माओं को संतुष्ट करना है। मीठे बोल और मुस्कुराते चेहरे से सभी के साथ मधुर व्यवहार करना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि सच्चे मन से परमात्मा को याद कर हमें चिंता और व्यर्थ सोच से मुक्त रहना है। अपनी कंट्रोलिंग शक्ति को विकसित कर अपने मन और बुद्धि को नियंत्रित करना है । परचिंतन और परनिंदा से दूर रहकर परोपकारी बनना है तथा दृढ़ संकल्प की शक्ति से समस्याओं का समाधान बनना है।

विभिन्न केंद्रों पर कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा मनमोहक नृत्य और भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया.

वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी बहनों ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व आगंतुकों का आभार प्रकट किया और नियमित रूप से राजयोग ध्यान करने व आध्यात्मिक जीवन अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन सात्विक और शुद्ध भोजन के साथ हुआ ।

## नोइडा स्पेशल स्कूल एण्ड थैरेपी सेंटर का प्रेरणादायी आयोजन


# ‘अभिव्यक्ति 2.0’ में खिले विशेष बच्चों के हुनर, भव्य वार्षिक उत्सव ने जीता सबका दिल

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडाः नोइडा स्पेशल स्कूल एण्ड थैरेपी सेंटर का वार्षिक उत्सव ‘अभिव्यक्ति 2.0’ अत्यंत सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार सचदेवा, केमी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात बच्चों ने नृत्य, संगीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रिंसिपल अनीता सिंह ने बताया कि यह आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को मंच देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार सचदेवा ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए





उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय की पूरी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ‘अभिव्यक्ति 2.0’ जैसे आयोजन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और समाज के सामने प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और मनोबल दोनों सुदृढ़ होते हैं। समारोह के अंत में स्कूल के निदेशक ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने एकता और समरसता का भाव प्रबल किया।

# सेक्टर-142 से बोटैनिकल गार्डन तक मेट्रो परियोजना से क्षेत्र की गतिशीलता को नई दिशा मिलेगी : पंकज सिंह

समाज जागरण

नोएडाः नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने केन्द्र सरकार द्वारा नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत सेक्टर-142 से बोटैनिकल गार्डन तक 11.56 किमी लंबे विस्तार कॉरिडोर को मंजूरी देने पर हर्ष व्यक्त किया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना में कुल 8 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित हैं और इसकी अनुमानित लागत 2,254.35 करोड़ रुपये है। परियोजना को स्वीकृति की तिथि से चार वर्षों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



विस्तार कॉरिडोर वर्तमान में नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन को बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से सीधे जोड़ेगा। इससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा के यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट, प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक तेज, निर्बाध और सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिलेगी।

परियोजना के पूरा होने के बाद नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा का कुल मेट्रो नेटवर्क 61.62 किमी तक विस्तारित होगा। इससे क्षेत्र की शहरी गतिशीलता में सुधार होगा और सार्वजनिक परिवहन प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी।

यह कॉरिडोर सेक्टर-44, 96, 98, 105, 108 और 93 सहित कई आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों को लाभान्वित करेगा। साथ ही प्रमुख शैक्षणिक एवं संस्थागत परिसरों जैसे महामाया बालिका इंटर कॉलेज, पंचशील बालक इंटर कॉलेज, एडवांट बिजनेस पार्क (सैक्टर-142), स्काईमार्क वन मॉल (सैक्टर-98), मॉल ऑफ नोएडा (सैक्टर-93) और एमिटी विश्वविद्यालय तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी। इससे आईटी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कर्मचारियों को प्रतिदिन सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर पंकज सिंह ने कहा कि यह परियोजना नोएडा के समग्र विकास, ट्रैफिक जाम में कमी, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगी। मेट्रो विस्तार से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और समयबद्ध परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय नोएडा को आधुनिक, सुव्यवस्थित और भविष्य उन्मुख शहर के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# महाशिवरात्रि पर इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी का सेवा आयोजन, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

समाज जागरण

आशियाना, लखनऊ : महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प ह्यबृज की रसोईह्ल के तत्वावधान में आशियाना स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस सेवा आयोजन में अनुमानतः 8 से 10 हजार श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

प्रातः से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक छोला-चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। भोजन की शुद्धता, पोषण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की मजबूत टीम तैनात रही, जिससे पूरा कार्यक्रम अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ।



संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा, समानता और सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करने का प्रयास है। महाशिवरात्रि के अवसर पर सेवा को भक्ति का स्वरूप देते हुए समाज के हर वर्ग तक सहयोग पहुँचाने का संकल्प लिया गया। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए अलग सहायता पंक्तियाँ बनाकर व्यवस्था को और संवेदनशील बनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सद्भाव का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आयोजकों ने सहयोगी दानदाताओं, रसोई टीम, सफाईकर्मियों तथा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि सेवा ही सच्ची शिव-भक्ति है और भविष्य में भी निःशुल्क भोजन सेवा व सामाजिक उत्थान के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में अनिल शुक्ला, एडवोकेट संतोष त्रिपाठी, डॉ. अनिल सिंह, राजीव पाण्डेय, नीरज शर्मा, दयाशंकर, जालिम सिंह, पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, पार्षद मोनू सिंह, अरविन्द चौबे, पार्षद कमलेश सिंह, सतनाम सिंह, धनंजय सिंह, संजय श्रीवास्तव, इंद्रमीत सिंह, योगेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, शुभम तिवारी, सुरेश बाजपेई, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग दुबे, विकास पाण्डेय, मोनू कनौजिया, दिनेश पाण्डेय, नवलेश सिंह, मुकेश कनौजिया, अखिलेश सिंह और गोविन्द सिंह ठाकुर सहित अनेक समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# शिवमय हुई चाँद सी नगरी चंदौसी, निकाली गई महाकाल की पालकी

**समाज जागरण**

चंदौसी। मिनी वृंदावन नाम से विख्यात चांद सी नगरी चंदौसी में श्री महाकाल ग्रुप द्वारा भक्तिभाव से परिपूर्ण संगीत एवं ढ़ोल नगाडों की धुन पर महाकाल की शाही पालकी निकाली गई।

पालकी का शुभारंभ शिवभक्तों के द्वारा मूंछों वाले शंकर जी मंदिर से आरती



करके किया गया। महाकाल की शाही पालकी का नगर भ्रमण मूंछों वाले शंकर जी मंदिर सीता आश्रम से शुरू होकर सीता रोड, गणेश मंदिर, मनिहार चौक, सुंदर मोहल्ला, बिसौली गेट, पुरानी पेंठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, नमक मंडी, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, कैथल गेट से मेला ग्राउंड पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्री महाकाल ग्रुप से अनुज वार्ष्णेय अन्नू कृष्णा वार्ष्णेय, शिवांशु गुप्ता, कुनाल वार्ष्णेय, आयुष वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, गर्पित वार्ष्णेय, अमन सक्सेना आदि सहित काफी अधिक संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

# हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमि पूजन

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद वीर हनुमान हिन्दू सम्मेलन समिति माधव नगर के तत्वावधान में रामलीला मैदान में हिंदू सम्मेलन से पूर्व भूमि पूजन मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत संपन्न हुआ।



इस अवसर पर हवन यज्ञ के साथ सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने आहुति अर्पित की।

इस अवसर पर शास्त्री वेदप्रकाश ने विधि विधान के साथ कार्यक्रम हेतु उपयोगी भूमि का हवन पूजन कराया। इस कार्यक्रम के प्रमुख यजमान समिति की कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती राजुल अग्रवाल एवं समिति सचिव संदीप गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीरज गुप्ता रहे। सभी कार्यकताओं ने यज्ञ में आहुतियां दीं तथा ईश्वर से सफल कार्यक्रम की प्रार्थना की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाग प्रचारक श्रीमान अखिलेश , महानगर संघचालक प्रदीप , महानगर प्रचारक शेखर , विभाग कार्यवाह ब्रजेश , समिति के अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, रामकुमार, अभिषेक, सौरभ, संदीप गुप्ता, मुकेश, ललित, दिलीप, वरुण, सुनील, नितिन राजौरिया, अंकित तिवारी, आकृति सहयोगी, अनुपमा शर्मा, अंबेश शर्मा, प्रेमचंद शंखवार, अमित गुप्ता,डॉ वीरेंद्र, सुनील टंडन सहित सभी कार्यकर्ता और सज्जन शक्ति के लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी को देखने आए पति की साले ने की मारपीट

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब पत्नी को देखने आए पति की की उसके साले ने मारपीट कर दी 2 दिन पूर्व एक महिला ने पति के उत्पीड़न से तंग होकर फासी लगा ली थी जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है रविवार की दोपहर उसका पति अपनी पत्नी को देखने के



लिए सरकारी ट्रामा सेंटर आया था तभी उसके साले ने पकड़ लिया और कहां कि तूने मेरी बहन की जिंदगी खराब कर दी है इस बात को लेकर दोनों में कहां सुनी हो गई और साले ने जीजा की जमकर धुनाई कर दी जिससे वहां अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई इधर मारपीट की घटना सुन ट्रामा सेंटर पर तैनात गार्ड पहुंच गए उन्होंने दोनों अलग-अलग कर दिया इंधर चौकी इचार्ज योगेंद्र सिह मौके पर आ गए उन्होंने फोन कर पुलिस बुलाली और दोनों को थाने भेज दिया!

# यह सिर्फ.एक प्रदर्शनी नहीं है, यह इज्जत, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का उत्सव है डॉ. वीरेंद्र कुमार ने चंडीगढ़ में 29वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया

**समाज जागरण**

यह सिर्फ.एक प्रदर्शनी नहीं है; यह इज्जत, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का उत्सव है। इन प्रभावशाली शब्दों के साथ, माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज चंडीगढ़ के प्रदर्शनी मैदान में 29वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने मेले को बदलाव लाने वाला आंदोलन बताया जो देश भर के दिव्यांगजनों की ज़िंदगी में आशा की नई किरण बनकर उभरा है, जो सबको साथ लेकर चलने और समान अवसर के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

2014 से सशक्तिकरण की यात्रा की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असंवेदनशील टर्मिनोलॉजी से सम्मानजनक शब्द दिव्यांगजन में बदलाव ने न सिर्फ.शब्दकोश में बदलाव किया, बल्कि दृष्टिकोण में भी बदलाव किया। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 का लागू होना, दिव्यांगजनों की श्रेणी का विस्तार, और सुगम्य भारत अभियान को लागू करने ने मिलकर सुगम्यता, प्रतिष्ठा और भागीदारी की नींव रखी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सच्चा सम्मान शब्दों से कहीं ज्यादा होता है – इसे आर्थिक मजबूती, सामाजिक समावेश और स्वावलंबन में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्य कला मेला, दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों की प्रतिभा को सीधे भारत भर के बाजार से जोड़कर इस जीवनदर्शन को दिखाता है। इस अवसर पर माननीय राज्यसभा सांसद श्री सतनाम सिंह संधू ने कहा कि भारत के सांस्कृतिक मूल्यों के हिसाब से दिव्यांगजनों को सम्मान देना ऐतिहासिक कदम है। यद्यपि, उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सशक्तिकरण के साथ सम्मान भी होना चाहिए। उन्होंने कहा, ‖रोजी-रोटी और आत्मनिर्भरता के बिना इज्जत अधूरी रहती है।‖ उन्होंने दिव्य कला मेले जैसे प्लेटफॉर्म बनाने के लिए मंत्रालय की तारीफ की। इससे उन विशेषरूप से उन दिव्यांग युवाओं को अपने उत्पाद अपने घर के आसपास दिखाने और बेचने में सहायता मिलती है जो दूर नहीं जा सकते। चंडीगढ़ के माननीय महापौर श्री सौरभ जोशी ने इस अवसर को प्रतिभा, आत्मविश्वास और इंसानी काबिलियत का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में दिव्य कला मेला, दिव्य कला शक्ति और रोजगार मेला आयोजित करना सबको साथ लेकर चलने की शहर की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि दिव्यांगता कोई सीमा नहीं बल्कि विशेष काबिलियत है जो समाज को बेहतर बनाती है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त सचिव श्री राजीव शर्मा ने स्वागत भाषण में इस पहल के असल आर्थिक असर पर जोर दिया। पिछले तीन वर्ष में, अलग-अलग शहरों में लगाए गए दिव्य कला मेलों में 2366.43 लाख के बिजनेस लेनदेन हुए हैं, जो साफ तौर पर बाजार में बढ़ती मंजूरी और दिव्यांग कारीगरों की बढ़ती उद्यमिता क्षमता को दिखाता है।

# किसान यूनियन ने किया स्वागत सभा का आयोजन

**समाज जागरण**



चंदौसी। ग्राम मौलागढ़ भारतीय किसान यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष अंकित ठाकुर के कैंप कार्यालय पर एक स्वागत सभा आयोजन हुआ। विजेंद्र सिंह यादव भारतीय किसान यूनियन विजेंद्र सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश बनने से जनपद सँभल भाकियू कार्यकताओं पदाधिकारियों में खुशी की लहर लगातार स्वागत कार्यक्रमों का क्रम जारी है। मौलागढ़ चन्दौसी के कार्यकताओं ढोल नगाड़ों फूलमालाओं नोटो के हार पहना कर खुशी का इजहार इस मौके पर हुई पंचायत को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कार्यकताओं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कर जो हौंसला अफजाई की हैं उससे संघर्ष करने की शक्ति प्रदान होती हैं सभी का आभार ब्यक्त किया भारत अमेरिका कृषि समझौता पर बोलते हुए कहा यह ट्रेड डील किसानों को बर्बाद करने वाला हैं अमेरिका सरकार अपने किसानों को भारी सब्सिडी देती हैं और वहाँ बड़े किसान हैं बाजार में अमेरिका के किसानों सामने बाजार नही टिक पायेगा पहले भारत की वस्तुओं पर अमेरिका में कोई 0 टैरिफ पर जाती थी और अमेरिका का सामने भारत आने और सत्तर से अस्सी प्रतिशत टैक्स भारत सरकार लतीं थी पिछले छः महीने में 25 से पचास प्रतिशत टैरिफ लगाया गया हैं उसे घटा कर अब 18 प्रतिशत कर दिया गया हैं और हमारी सरकार खुशी मना रही हैं इस व्यपारिक समझौता किसान किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा यह किसानों की रोटी तिजोरी बंद करने वाला फैसला हैं जब तक समझौता रद्द नही होता आंदोलन जारी रहेगा इसी क्रम में पहले चरण बारह फरवरी जिला मुख्यालयों पर हुआ है चांहे कितना भी लम्बा आंदोलन चले भारत अमेरिका समझौता रद्द नही होता हैं आंदोलन जारी रहेगा चाहें रोड रोकने पड़ें या दिल्ली घेरनी पड़े या संसद आंदोलन जारी रहेगा सरकार मजबूर करेंगे समझौता रद्द करने के लिए पंचायत को अंकित ठाकुर युवा मंडल अध्यक्ष निर्भय ठाकुर जिला उपाध्यक्ष युवा उदयवीर सिंह यादव सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश जबरसिंह यादव हाजी अजीम सैफी नगर अध्यक्ष चन्दौसी नगर अध्यक्ष महिला विंग राहत जहां राजेश मौर्य आजाद मलिक नरेश राघव पिंटू ठाकुर ठाकुर प्रमोद सिंह गोपाल सैनी लालू ठाकुर विपिन कुमार ने सम्बोधित किया अध्यक्षता बिल्लू ठाकुर संचालन अनिल कुमार राजपूत एडवोकेट ने किया।

# आगरा में राष्ट्रपति एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेताओं ने किया अश्वनी जैन का सम्मान

**समाज जागरण**



सिरसागंज। आगरा के हरीपर्वत स्तिथ एम डी जैन इंटर कॉलेज के सभागार में विज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रामनाथ गौतम और राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित डॉ निखिल जैन ने जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित होने पर पटका पहनाकर एवं सम्मान प्रतीक प्रदान करके सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

निखिल जैन ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वह जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक भी हैं और उन्होंने अपने व जिले के विभिन्न विद्यालयों में एक हजार से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां आयोजित की हैं। रामनाथ गौतम ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग से राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होना जनपद फिरोजाबाद के लिए गौरव का क्षण है।

अश्वनी कुमार जैन ने रामनाथ गौतम और डॉ निखिल जैन के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। इस अवसर पर दयालबाग विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ज्योतिका खरबंदा, डॉ शालिनी, श्रीमती पंकजा मिश्रा, श्रीमती अनु वर्मा, अर्चना, राजकुमार सिंह, गौरव जादौन, शिवम कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली भगवान भोलेनाथ की बारात. बम-बम के जयारों से गूंजी राहें



**– जि.पं. अध्यक्ष प्रतिनिधि ने भोले बाबा की आरती उतार कर किया बारात का शुभारंभ**

**– भोले बाबा की बारात में सैकड़ों की संख्या में लोग हुए शामिल, बम-बम के जयकारे**

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। नगर में रविवार को भोले बाबा की बारात धूमधाम से गाजेबाजे के साथ निकाली गई। बारात का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने फीता काट कर और भोले बाबा के स्वरूप की आरती उतार कर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर की धार्मिक जनता भोले बाबा के बराती बने।

जिला पंचायत प्रतिनिधि ठाकुर सुमित सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रोडवेज बस स्टैंड स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर से बारात को रवाना किया। बारात रोडवेज बस स्टैंड से प्रारंभ होकर तहसील तिराहा, पक्का तालाब, टरा बाजार, एटा तिराहा, मैनपुरी तिराहा, रुकनपुरा होते हुए भगवंतवाले बाग, बड़ा बाजार, कालीदेवी मंदिर होते हुए स्टेटबैंक चौराहा, नारायण तिराहा होते हुए स्टेशन रोड पर पहुंची। यहां नेहा चौराहा से मेलावाला बाग स्थित टुइयां वाले महादेव मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। यहां प्रसाद वितरण किया गया। भोले बाबा की बारात में प्रमुख रूप से डा. रामकैलाश यादव, ब्लाक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत, चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, मयंक तिवारी, आनंद यादव, बारात के आयोजक पूर्व सभासद रविंद्र सिंह यादव, दिनेश वशिष्ठ, सभासद गगन कठेरिया, मोहित यादव सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने संभाली।

# वैदिक मंत्रों के उच्चारणों के साथ किया गया भगवान शिव का रुद्राभिषेक

**समाज जागरण**



चंदौसी। आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में खतियान मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक का भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, दुग्ध, जल, बेलपत्र एवं पुष्पों से भगवान शिव का अभिषेक कर विश्व कल्याण, सुख ,समृद्धि और शांति की कामना की गई। पूरे वातावरण में ॐ नमः शिवाय की गूंज से भक्तिमय ऊर्जा का संचार हुआ और श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर पूजन में सहभागिता की। पवन पंडित जी ने वैदिक मंत्रों के उच्चरणों के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया । शिवरात्रि पर किया गया रुद्राभिषेक न केवल आत्मिक शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह जीवन की बाधाओं को दूर कर सकारात्मक सोच, संयम और सद्भाव का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर संगठन की महिलाओं एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना का संदेश दिया।

पूनम अरोड़ा ने कहा, हमारा संगठन समाज में संस्कार, समर्पण और सकारात्मकता के प्रसार हेतु सतत प्रयासरत है जंग जागृति एवं धार्मिक लाभ हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा शिव ही अंतिम सत्य है। शिवरात्रि जहाँ शिव-शक्ति के विवाह से सृष्टि में प्रेम, शक्ति और संतुलन का उत्सव मनाया जाता है । शिवजी को सृजन संघार और करुणा का प्रतीक माना जाता है

भगवान शिव की आराधना से मन, परिवार और समाज में संतुलन व सद्भाव आता है।ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना सुदृढ़ होती है। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, डॉ दुर्गा टंडन अभिषेक गुप्ता, रेखा रस्तोगी, योगिता कोहली ,मीनू आहूजा,सारिका साहनी ज्योति मेहंदी रत्ता , अनाया गुप्ता , पवन पंडित जी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# "नगर में धूमधाम से निकल गई भगवान शंकर जी की शोभायात्रा"

## "जगह-जगह भव्य स्वागत एवं फूलों की वर्षा की गई"

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर परंपरागत रूप से हर वर्ष की बात श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय 26 में मेला का आयोजन किया गया जिसके प्रथम दिवस पर हवन यज्ञ प्रसिद्ध जादूगर देव का जादू एवं संसद कार्यक्रम संपन्न हुए मेले के द्वितीय दिवस पर प्रातः 11:00 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण से भगवान शंकर जी की शोभा यात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना आरती एवं फीता काटकर नगर विधायक मनीष असीजा एवं महापौर श्रीमती कामिनी राठौर ने किया इस अवसर पर मेला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता सचिन विजय कुमार पहलवान पंडित सुनील शर्मा पंडित दिनेश चंद्र शर्मा सत्यवीर गुप्ता महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी डॉ सतीश चंद्र दिवाकर मंडल अध्यक्ष देश दीपक गुप्ता प्रेम सिंह वर्मा एडवोकेट सुनील गुप्ता नेतराम वर्मा राजाराम हजारीलाल कुलभूषण कृष्ण मुरारी डॉक्टर उदयवीर सिंह यादव मनोज रायबोरिया मंदिर के मांस रमेश चंद्र बघेल विजय सिंह रामाकांत झा अलिंद अग्रवाल राकेश गुप्ता का प्रदीप गुप्ता पत्रकार विशाल वर्मा सत्यवान सिंह वर्मा एडवोकेट एवं समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी गन मुख्य डॉल के साथ चल रहे थे सबसे पहले कालिया अखाड़ा एवं श्री गणेश जी की झांकी थी उसके बाद बालकृष्ण की झांकी राधा कृष्ण की झांकी राम दरबार की झांकी शंकर पार्वती की झांकी के साथ अनेक मनमोहक झांकियां चल रही थी मुख्य डोले पर मेला कमेटी के समस्त पदाधिकारी चल रहे थे मार्ग में जगह-जगह पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया शोभा यात्रा में फूल बरसाए गए भगवान शिव की आरती उतार कर जग-जग प्रसाद वितरणदस किए गए शोभायात्रा लगभग 2:00 बजे स्वर्ग आश्रम पर कर स्थिति श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पहुंची वहां पर भगवान भोलेनाथ की महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फिरोजाबाद की प्रमुख ब्रह्माकुमारी राज योगिनी दीदी सरिता द्वारा मनुष्य के अंदर व्याप्त विकारों को दूर करने के लिए सहज योग बताते हुए कहां की मनुष्य के अंदर व्याप्त काम क्रोध मद लोभ मोह अहंकार को किस प्रकार दूर किया जा सकता है जिससे समाज के अंदर प्राणियों में नम्रता विनम्रता सहनशीलता दया धर्म कर्तव्य परायणता आने से सुंदर समाज का निर्माण होगा इस अवसर पर ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आध्यात्मिक झांकियां का प्रदर्शन बड़ा ही ज्ञानवर्धक एवं मनोहरी था जिसकी व्यवस्था ब्रह्मकुमारी नूतन दीदी नीरज भाई पटेल डॉ अरविंद कुमार वर्मा डॉक्टर मन्नालाल बघेल अनीता दीदी रवि शर्मा आदि के सहयोग से मनमोहन ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी लगाई गई रात को शिव जागरण देवी जागरण के संस्कृत कार्यक्रम आयोजित किए गए सभी जनता जनार्दन ने भगवान भोले नाथ के मेले में उपस्थित रहकर श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की महा आरती में भाग लिया उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना भगवान भोलेनाथ से की गई मेला समिति ने सभी का स्वागत एवं आभार प्रकट किया तथा पुलिस प्रशासन को बहुत-बहुत बधाइयां सहयोग के लिए धन्यवाद स्वागत प्रेषित किया गया शोभा यात्रा में सीओ साहब सिटी प्रभारी निरीक्षक लाइन पर रसूलपुर थाना दक्षिण एवं महिला पुलिसकर्मी समस्त उप निरीक्षकों उप एवं पुलिसकर्मियों को अमर व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने एमडीओएनईआर पहल के तहत होजाई में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**समाज जागरण**



केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) की पहल के तहत होजाई में एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, अवसंरचना, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी सेवा वितरण सहित प्रमुख क्षेत्रों में केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति का आकलन करना था।

बैठक के दौरान, केंद्रीय राज्य मंत्री ने क्षेत्रवार प्रदर्शन की समीक्षा की और जमीनी स्तर की चुनौतियों और अवसरों को समझने के लिए जिला अधिकारियों और हितधारकों से बातचीत की। उन्होंने उनकी चिंताओं और सुझावों को सुना, मार्गदर्शन प्रदान किया और सेवा वितरण और विकास परिणामों को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों के समय पर समाधान के लिए केन्द्र सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने असम और उत्तर पूर्वी क्षेत्र से संबंधित केंद्रीय बजट के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख का उल्लेख किया और बुनियादी ढांचे, आजीविका तथा सामाजिक सेवाओं को मजबूत करने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने परियोजनाओं के कुशल क्रियान्वयन, कार्यों के समय पर पूरा होने और विभिन्न योजनाओं के तहत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जिला प्रशासन की सराहना की।

बैठक में कार्यान्वयन तंत्र को मजबूत करने, योजनाओं के बीच समन्वय में सुधार करने और जिले में समग्र एवं समावेशी विकास में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में होजाई के जिला आयुक्त श्री बिद्युत बिलाश भगवती के साथ-साथ जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चेन्नई में राइज कॉन्क्लेव 2026 का उद्घाटन किया और स्टार्टअप-आधारित विकास मॉडल का आह्वान किया

**समाज जागरण**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज नवाचार आधारित उद्यमिता और रोजगार सृजन की दिशा में सोच में निर्णायक बदलाव लाने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत के युवाओं के लिए आकांक्षाओं का एकमात्र मार्ग सरकारी नौकरी ही नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का नवाचार तंत्र उस स्तर तक परिपक्व हो चुका है जहां अवसर पूरी तरह से लोकतांत्रिक और "मोबाइल फोन पर" सुलभ हैं।

चेन्नई में आयोजित अनुसंधान-उद्योग-स्टार्टअप-उद्यमिता (राइज) कॉन्क्लेव 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने कुछ विलंब के साथ इस क्षेत्र में प्रवेश किया है लेकिन वह वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। उन्होंने तमिलनाडु से आग्रह किया कि वह अपने मजबूत शैक्षणिक और अनुसंधान आधार का लाभ उठाकर देश के दो लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप में अधिक महत्वपूर्ण योगदान दे।

चेन्नई ट्रेड सेंटर में 14 से 15 फरवरी तक आयोजित होने वाला दो दिवसीय अनुसंधान-उद्योग-स्टार्टअप-उद्यमिता (राइज) सम्मेलन 2026, अनुसंधान संस्थानों, उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और युवा उद्यमियों को एक साझा मंच पर लाकर भारत के नवाचार भविष्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बनाया गया है। "संपूर्ण समाज के लिए समग्र सरकार" के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह सम्मेलन प्रयोगशाला अनुसंधान को बाजार की जरूरतों, उद्योग साझेदारी और जमीनी स्तर की उद्यमिता के साथ एकीकृत करने का प्रयास करता है। उद्घाटन सत्र में सीएसआईआर की महानिदेशक और डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलाइसेल्वी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन, सीएसआईआर-सीईसीआरआई के निदेशक डॉ. के. रामेशा, सीएसआईआर-एसईआरसी के निदेशक डॉ. एन. आनंदावली और सीएसआईआर-सीएलआरआई के निदेशक डॉ. पी. थानिकवेलन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीएसआईआर और उनके इनक्यूबेटरों सहित शैक्षणिक संस्थानों के बीच व्यापक समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान, सीएसआईआर प्रयोगशालाओं और स्टार्टअप/उद्योगों के बीच साझेदारी और एल एंड टी के साथ उत्कृष्टता केंद्र का आभासी उद्घाटन भी शामिल था।

डॉ. सिंह ने चेन्नई में बिताए अपने प्रारंभिक वर्षों को याद करते हुए शहर को ज्ञान और नवाचार का ऐतिहासिक केंद्र बताया और कहा कि सीएसआईआर-सीएलआरआई जैसे संस्थान स्वतंत्रता के बाद से ही राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएलआरआई के उत्पादों की अब निर्यात में मजबूत उपस्थिति है और सीएसआईआर की प्रयोगशालाएं राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के साथ एकीकृत होने के लिए अपने सीमित दायरे से आगे बढ़कर विस्तार कर रही हैं।

उन्होंने व्यापक विकास परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि तमिलनाडु को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और वंदे भारत ट्रेन सेवाओं के विस्तार जैसी प्रमुख योजनाओं के तहत महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि ये पहलें राज्य के योगदान और क्षमता की मान्यता को दशार्ती हैं।

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दो सड़क हादसे, कई बाइक सवार गंभीर घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग )**
थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में बाइक सवार कई महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।बाबरी थाना क्षेत्र के गांव भनेडाजट निवासी वतन अपनी बहन किरण, और मा रचना के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद बागपत में एक शादी समारोह में गए थे। लौटते समय उनकी बाइक की विपरीत दिशा से आ रहे बलवा, गुजरान निवासी खुर्शीद की बाइक से गांव पंजोखरा के निकट आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी को सरकारी अस्पताल पहुंचाया।दूसरी और गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी सूयाकांत बाइक से बागपत के कस्बा बड़ौत में अपनी मांमा के घर गया हुआ था। वापस लौटते समय उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गाव जसाला के समीप सड़क किनारे खड़ी सेंट्रो कार से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक किसी भी मामले में थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

## मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, चार घायल, एक की हालत गंभीर

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे की रेल मंडी कलोनी में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से राजू और उसका पुत्र मोनू घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से शिवम, ओम और हरिओम को चोटिल हुए है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोनू की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है.जबकि राजू, शिवम और हरिओम को उपचार के बाद छुट्टी दे दी।घायल मोनू के पिता राजू ने आरोप लगाया कि शिवम ने शराब के नशे में लाठी-डंडों से हमला किया। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान उनका एक दांत टूट गया, जबकि उनके पुत्र मोनू के सिर पर गंभीर चोट आई है। राजू का कहना है कि शिवम आए दिन नशे की हालत में गाली-गलौज करता है और विरोध करने पर झगड़ा करने लगता है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में जमकर लाठी, डंडे चले और कॉलोनी में में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।
सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को शांत किया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर एलम में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग )**
क्षेत्र के कस्बा एलम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन बस स्टैंड स्थित ग्रीन मैरिज हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें स्वामी रामनरेश दास महाराज, दंडी स्वामी ललितानंद जी महाराज एवं भारतीय किसान संघ के विभाग संगठन मंत्री रामपाल ने संबोधित किया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वामी रामनरेश दास महाराज ने कहा कि अनेकता में एकता बनाए रखना ही हिंदू धर्म की मूल पहचान है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जाति-वर्ग में बंटने के बजाय संगठित होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजना चाहिए। हिंदू संस्कृति उदार, लोकतांत्रिक और




मानवतावादी रही है।दंडी स्वामी ललितान महाराज ने हिंदुत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट रहना होगा। उन्होंने आर एसएस की स्थापना और उसके राष्ट्रव्यापी विस्तार पर भी चर्चा की तथा सामाजिक एकता पर बल दिया। भारतीय किसान संघ के रामपाल ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। सम्मेलन की अध्यक्षता जयकुमार पंवार ने की तथा संचालन सुबोध भारतीय ने किया।इस अवसर पर अजय पंवार, डॉ. कृष्णपाल, ओमपाल सिंह, विनोद पंवार, बिजेंद्र रूहेला, चंद्रपाल उपाध्याय, वरुण पंवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## पांच लाख की उधारी मांगने पर मारपीट व लूट का आरोप

-कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
**झिंझाना। (फुरकान जंग )**
दयानंद नगर शामली निवासी 65 वर्षीय कृष्णपाल मलिक के साथ पांच लाख रुपये की उधारी मांगने पर मारपीट, लूट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर थाना झिंझाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कैराना के आदेश पर की गई है।
कृष्णपाल मलिक पुत्र सलेटी सिंह ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 16 नवंबर 2025 की शाम करीब छह बजे वह अपने भांजे शिवकुमार के साथ झिंझाना से ऊन की ओर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में राजबाहा पटरी के पास जाट कॉलोनी शामली निवासी शिवम मलिक, उसके पिता प्रदीप कुमार और मोहित कुमार ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने आरोपियों से अपने दिए हुए पांच लाख रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें वाहन से नीचे गिराकर लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि प्रदीप कुमार ने गाली-गलौज करते हुए साथियों को उकसाया। इसी दौरान आरोपियों ने उनकी सोने की चेन तोड़कर छीन ली और मोबाइल फोन फेंककर तोड़ दिया। मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि शिवम मलिक ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी।

शोर सुनकर भांजा व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि घटना के संबंध में थाना झिंझाना व पुलिस अधीक्षक शामली को शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर थाना झिंझाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एसपी ने किया कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग ) महा शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। एसपी एनपी सिंह ने जनपद में निर्धारित कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने संवेदनशील स्थलों, प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थानों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू करने



के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखने, आवश्यकता अनुसार ड्रोन कैमरों का उपयोग करने, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली को सक्रिय रखने तथा आपातकालीन सेवाओं के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। इसके अलावा अराजक एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग बढ़ाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद
पुलिस द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने जाने पर राहत की सांस ली।

## महाकाल महाशिव बाबा की भव्य बारात का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।( फुरकान जंग ) महा शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में महाकाल महाशिव बाबा की भव्य बारात श्री सत्यनारायण शिव मंदिर हलवाई हट्टा में पंचम वर्ष कान्हा के दीवाने समिति द्वारा निकाली गई। मंदिर परिसर से भगवान शिव की पालकी शुरू कर नगर परिक्रमा कराई गई। जिसमें ढोल नगाडे शामिल रहे। इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण बाबा महाकाल का चंद्रमौलेश्वर रूप रहा, जिसमें वे दूल्हा बनकर पालकी में विराजमान थे। शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया गया। वहीं देर शाम मंदिर परिसर में मां पार्वती व भोलनाथ का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भगवान शिव की भव्य महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मनोज मित्तल, रोबिन गर्ग, पंकज गुप्ता, अमित मित्तल, लव वर्मा, शिवम, हर्षित, अनमोल, बोबी, हर्ष, शुभ, अमन, अंकुर, पारस, राघव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के श्री भाकूवाला मंदिर से श्री महाकाल पालकी सेवा परिवार द्वारा भव्य चतुर्थ शिव पालकी यात्रा



निकाली गई। सबसे पहले दिन परिसर में पालकी का पूजन हुआ। तत्पश्चात पालकी यात्रा प्रारंभ की गई, जिसका शुभारंभ हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने किया, जो शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए निकाली गई। भगवान शिव और मां पार्वती की झांकी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही भूत बाराती रहे। इस दौरान जमकर गुलाल उडाया गया। इस अवसर पर कोमल शर्मा, प्रिंस गौतम, शिवम एडवोकेट, हेमराज गुप्ता, पुनित द्विवेदी, अभिषेक भार्गव, रूद्र शर्मा, वैभव कौशिक, गौरव शर्मा, नारायण शर्मा, कमल, सूर्या ढाका, मयंक आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय की छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अभियान में निकाली रैली

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ,एनएसएस,इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिवस की शुरूआत स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर स्थल की सफाई, प्रार्थना तथा लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गायन से हुई।इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक जन-जागरूकता रैली निकाली गई।




रैली शिविर स्थल से प्रारंभ होकर रायजादगान मोहल्ला होते हुए सूरज कुंड मंदिर तक पहुंची। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने बेटी है अनमोल उपहार,शिक्षा है उसका अधिकार, पढ़ी-लिखी बेटी घर की शान,बढ़ेगी राष्ट्र की पहचान,जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।प्रथम सत्र के दूसरे कार्यक्रम में छात्राओं ने घर-घर जाकर शिक्षा के महत्व को लेकर जनसंपर्क किया तथा लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।द्वितीय सत्र में स्त्री शिक्षा का महत्व, विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रिंसी सैनी ने कहा कि शिक्षित लड़की आत्मनिर्भर बनती है। तरन्नुम ने बताया कि इतिहास में अनेक उदाहरण हैं, जहां महिलाओं ने शिक्षा के बल पर ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। सबिया अंसारी ने कहा कि शिक्षा स्त्री को असंभव को भी संभव बनाने की शक्ति देती है। रुमैला ने कहा कि नारी शिक्षा पूरे परिवार और राष्ट्र को सशक्त बनाती है।इसके अलावा महक, अरसी, आयशा, रिया, नीलाक्षी, दीपावली एवं सोनम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर के पंचम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पुलिस की कार्रवाई,अवैध छुरी सहित गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र में अपराध व असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान नाला नहर पटरी के पास से एक युवक को अवैध छुरी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश पर क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एलम चौकी प्रभारी विपिन मलिक, हेड कांस्टेबल कर्मजीत सिंह एवं कांस्टेबल सुमित कुमार के साथ नाला नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक संदिग्ध अवस्था




में दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह युवक घबराकर मौके से भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध छुरी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र शौकत निवासी ग्राम असारा, जनपद बागपत बताया। पुलिस के अनुसार युवक किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।रविवार को पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा की क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की चेकिंग आगे भी जारी रहेगी। आमजन से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## नशे में धुत युवक नहर पुल से गिरा, मुस्लिम युवक की सूझबूझ से बची जान

--शराब के अधिक सेवन से बिगड़ा संतुलन, 10 फीट गहरी सूखी नहर में गिरा युवक, 108 एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे की बड़ी नहर पुल पर बैठकर शराब पी रहे एक युवक का अचानक संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को नहर से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी संदीप रविवार



को अत्यधिक शराब के नशे में था। नशे के कारण वह लड़खड़ाता हुआ बड़ी नहर पुल तक पहुंच गया, जहां अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे जा गिरा। गनीमत रही कि नहर में उस समय पानी नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया, हालांकि युवक को गिरने से गंभीर चोटें आईं।सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायल युवक को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर 112 पुलिस तथा एंबुलेंस कर्मियों ने पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इसी दौरान थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी समीर ने मानवता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए घायल युवक को अपने कंधों पर उठाकर लगभग 10 फीट गहरी नहर से बाहर निकाला। उनके इस साहसिक और सराहनीय कार्य की क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है।सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने युवक को छुट्टी दे दी, जिसके बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले गए।

## 96 वा निशुल्क नेत्र जांच एवं चशमा वितरण कैंप का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।( फुरकान जंग ) शहर के अस्पताल रोड पर महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा 96वां निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कैंप का आयोजन पर किया गया। कैंप का शुभारंभ समिति अध्यक्ष कुलदीप गोयल एवं नेत्र चिकित्सक डॉ. अब्दुल बासित ने संयुक्त रूप से किया।
इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने बताया कि समिति द्वारा पिछले लगभग आठ वर्षों से प्रत्येक माह निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कैंप का नियमित आयोजन किया जा रहा है। अब तक करीब




10 हजार जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए जा चुके हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। कैंप के दौरान 85 जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 72 व्यक्तियों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर संजय कुमार त्यागी, महेश शर्मा, रवि संगल, नरेंद्र, नबील, उस्मान आदि मौजूद रहे।

## लायंस क्लब शामली क्राउन ने दो श्मशान घाटों स्थापित कराई बैठने की बेंच

**समाज जागरण**
शामली।( फुरकान जंग ) लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा ऊन क्षेत्र के दो श्मशान घाटों पर चार बैठने की बेंच स्थापित कराई गईं। क्लब की इस पहल का उद्देश्य अंतिम संस्कार के दौरान शोक संतप्त परिवारों एवं ग्रामीणों को बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि कठिन समय में उन्हें कुछ राहत मिल सके। मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र गोयल एवं ऋषिपाल गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट जैसे स्थानों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य



है, जो समाज में सेवा भावना को मजबूत करता है। क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल ने कहा कि लायंस क्लब क्राउन समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर जनसेवा के कार्य करता रहा है। इस अवसर पर आशीष गोयल, तरुण जैन, संजय संगल, विनय गोयल, डॉ. नीलेश वशिष्ठ, अरुण गर्ग, मुस्कान संगल, डॉ. निमिषा वशिष्ठ, वैभव गोयल आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की प्रादेशिक परिषद की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।( फुरकान जंग ) भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक संस्था द्वारा 14 फरवरी को बाबा साहब भीमराव
अम्बेडकर विश्व विद्यालय, साउथ सिटी लखनऊ में प्रादेशिक परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार, बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार तथा एलटी,
एएलटी एवं एचडब्ल्यूबी कोर्स पूर्ण करने वाले प्रशिक्षकों को पर्चमेंट एवं ऑनरेबल चार्ज प्रदान किए गए।
जिला मुख्यायुक्त/सीडीओ विनय कुमार तिवारी के मार्गदर्शन तथा जिला सचिव डॉ. हीरा सिंह की



उपस्थिति में जिला संगठन आयुक्त गाइड गीता रानी को एएलटी पर्चमेंट ऑनरेबल चार्ज प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदेश स्तरीय बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में रोवर विंग में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजय सिंह पथिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैराना के रोवर हरप्रीत कंकड़वाल को 5000 का चेक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर जनपद लौटने पर गीता रानी एवं हरप्रीत कंकड़वाल का जिला संस्था शामली द्वारा अभिनंदन किया गया।

## जिलेभर के शिवालयों में महाआरती का आयोजन

**समाज जागरण शामली।**

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर देर शाम जिलेभर के शिवालयों में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। शहर के माजरा रोड स्थित भाकूवाला मंदिर में देर शाम भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। मौके पर पंडित कमलकांत पांडे, रामबीर, मुकेश, यश, वीशू, नितिश, गर्वित आदि मौजूद रहे। शहर के शिव चौक पर भी देर शाम महाआरती की गई।

मंदिर के पुजारी संजय शास्त्री ने विधि विधान के साथ महाआरती कराई। महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। इसके बाद प्रसाद भी वितरित किय गया। इसके अलावा शहर के मंदिर हनुमान धाम, मंदिर गुलजारी वाला, श्री बलभद्र शिव मंदिर,

सदाशिव मंदिर रेलपार, कुटी वाला शिव मंदिर, शिवमूर्ति, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर में भी महाआरती की गई। जिसमें सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया।

## घर में विवाहिता का शव मिला, पीएम के लिए भेजा

**समाज जागरण**
कैराना। घर के अंदर एक विवाहिता का शव चारपाई पर पड़ा मिला।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कांधला थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी शाकिर ने बताया कि उसकी बहन मशकुरा का निकाह करीब तीन वर्ष पूर्व कैराना के गांव खुरगान निवासी सलमान के साथ हुआ था। उसका जीजा भी उनके साथ ही शटरिंग का काम करता है, जो 28 जनवरी को उनके साथ काम के लिए पंजाब के लुधियाना गया था। घर पर उसकी बहन, उसका दो वर्षीय बेटा व ससुर ही रहते थे। रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसकी बहन कमरे के अंदर थी। लेकिन, गेट नहीं खुला, जिस पर जंगला तोड़कर अंदर गए, तो



मशकुरा चारपाई पर मृत हालत में पड़ी थी। उसके गले पर चोट के निशान थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी हासिल की। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## हज यात्रियों के लिए कल लगेगा विशेष कैंप

**समाज जागरण**
कैराना। नगर के मदरसे में मंगलवार को हज यात्रियों को लिए विशेष जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त आश्य की जानकारी देते हुए हज प्रशिक्षक हाजी हाशिम ने बताया कि कैराना के पानीपत रोड पर स्थित मदरसा इशातुल इस्लाम में 17 फरवरी को प्रातः दस बजे से शाम चार बजे तक कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हज यात्रियों को टीकाकरण और पोलियो दवाई भी पिलाई जाएगी। हज प्रशिक्षक ने बताया कि इस वर्ष शामली जिले से 192 महिलाएं एवं पुरूष हज यात्रा पर रवाना होंगे।

## दिल्ली से महिला को कैराना लाकर किया दुष्कर्म

– रेलवे स्टेशन से लाई गई महिला के साथ घर ले जाकर अंजाम दी घटना

– पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**समाज जागरण**
कैराना। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से अनजान महिला को कैराना में घर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार तड़के करीब चार बजे नगर के मोहल्ला बेगमपुरा में ताहिर के मकान पर एक महिला ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला ने पुलिस को बताया कि वह बिहार की रहने वाली है और कई साल से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास रहती है। दो दिन पूर्व ताहिर अपनी पत्नी को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से बिहार जाने वाली ट्रेन में बैठाने के लिए आया था। आरोप है कि तभी उससे ताहिर ने संपर्क किया और अपने घर कैराना ले आया। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार रात ताहिर ने उसके के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। बाद में पुलिस पीड़िता को कोतवाली ले आई, जहां पर महिला पुलिसकर्मी ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। बाद में पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी ताहिर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## दहेज उत्पीड़न व मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। दहेज को लेकर उत्पीड़न करने और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हिरनवाड़ा निवासी फरमान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी अजहरुद्दीन के साथ हुई थी। ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे तथा आए दिन उसकी बहन के साथ मारपीट करते थे। करीब तीन वर्ष पूर्व ससुराल वालों ने उसकी बहन को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसके बाद वह अपने मायके में रह रही थी। 13 फरवरी को उसकी बहन के ससुर शमीम ने उन्हें फोन करके समझौते के लिए बुलाया। वह अपने परिवार के लोगों के साथ मोहल्ला दरबारखुर्द पहुंचे। बहन के ससुराल वाले उन्हें एक मैरिज होम में ले गए तथा एक कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान शमीम, इमरान, फानू, सलीम, इस्लाम, फिरोज और 8-10 अज्ञात लोगों ने लाठी–डंडे और धारदार हथियारों से उनके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर अन्य लोगों ने आकर उनकी जान बचाई। बाद में आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सफलता की ओर पुस्तक को हजारों पाठक ने पढ़ा



**समाज जागरण**

बड़ौत। कोताना रोड स्थित ब्राह्मण एकता कल्याण समिति जिला अध्यक्ष बागपत पंडित विजयपाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर रविवार को जागौश गांव निवासी किसान परिवार में जन्मी साहित्य जगत में पहचान बनाने वाली स्वरचित पुस्तक की युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने बताया कि यह पुस्तक पाठकों को जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि सफलता की ओर आसान कदम पुस्तिका। सभी लोगों के मन को भा रही है। हजारों पाठक इस पुस्तक को पढ़ चुके है और सभी पढ़ने वाले लोग इस सफलता की ओर कदम बता रहे है। युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने बताया कि मेरा जनपद बागपत के पश्चिमी छोर यमुना नदी के किनारे बसे जागौश गांव में हुआ है। मेरी शिक्षा का क्षेत्र ऋषिकुल विद्यापीठ इंटर कॉलेज रहा है। इसके उपरांत उच्च प्राथमिक शिक्षा नवोदय विद्यालय दिल्ली से पूर्ण की है। स्नातक शिक्षा से पूर्व मैने डीएलएंड दिल्ली से करके अपने करियर के लिए लेखन एवं मंच भाषण का चुनाव किया और इसी पद पर अग्रसर हु। मेरे जीवन का उद्देश्य जरूरतमंद की सहायता और आजकल के नौजवान बच्चों को अच्छी दिशा दिखाने ही मेरा मकसद है। अपने माता-पिता की संघर्ष यात्रा ने अनुभूत कराया की नशवर जीवन का मकसद केवल परोपकाराय है। उन्होंने अपने सभी सम्मानित लोगों से आह्वान किया कि आप भी अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल करने का कार्य करे। युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने बताया कि मुझे मेरे गुरुजनों मात पिता के आशीर्वाद ने ही इस मुकाम तक पहुंचाया है।

# बजट का सही उपयोग हो, हर जिले में बने कैंसर सेंटर:- अभी शर्मा

## गरीबों को मुफ्त इलाज और सरकारी अस्पतालों में पूरी दवा उपलब्ध कराने की मांग

**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत में आयोजित एक बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता अभी शर्मा ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि स्वास्थ्य बजट का सही और पारदर्शी उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य बजट 50,550 करोड़ रुपये था, लेकिन जमीनी स्तर पर सुविधाओं का अभाव साफ दिखाई देता है। अभी शर्मा ने मांग की कि प्रदेश के हर जिले में कैंसर सेंटर स्थापित किया जाए, ताकि गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त और बेहतर इलाज मिलना उनका अधिकार है। सरकारी अस्पतालों में हर प्रकार की आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं न खरीदनी पड़ें।



उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बनने वाले आयुष्मान कार्ड का लाभ वास्तविक और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। योजना का दुरुपयोग रोकने के लिए पात्रता की सख्त जांच और निगरानी आवश्यक है। बैठक में विकास चौधरी, मनीष खोकर, ब्रजमोहन शर्मा, सतीश गिल, विनायक कुमार सहित अन्य लोगों ने भी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की मांग का समर्थन किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यदि स्वास्थ्य बजट का सही उपयोग हो तो प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा सुधार संभव है। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तर पर आधुनिक सुविधाएं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और जांच उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# 17 फरवरी को वेद यज्ञ महारथ यात्रा का पथ प्रदर्शन



**समाज जागरण बागपत।**

सनातन जागरण राष्ट्र कल्याण वेद यज्ञ रथ यात्रा के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह डॉक्टर मनीष तोमर के आवास यज्ञशाला परिसर बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल बड़ौत में 17 फरवरी को प्रात नौ बजे होगा। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने बताया महर्षि दयानंद सरस्वती की 202 वर्ष वीं, आर्य समाज स्थापना 150 वर्ष वीं एवं स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आर्य समाज के द्वारा सनातन जागरण राष्ट्र कल्याण वेद यज्ञ रथ यात्रा दक्षिण भारत के चरण कमल रामेश्वरम तमिलनाडु से 14 जनवरी को प्रारंभ होकर रथ यात्रा 54 दिनों में 16 राज्यों के 100 शहरों में जन जागरण कार्यक्रम करती हुई 9500 किलोमीटर का सफर तय करते हुए 26 फरवरी को उत्तर भारत के शिखर लाल चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर पहुंचकर पूर्ण आहुति सम्पन्न होगी। यात्रा के स्वागत के लिए जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के पदाधिकारी, आर्य जन, नौजवान एवं बेटियां हजारों की संख्या में एकत्रित होकर यज्ञशाला परिसर बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में यात्रा के साथ चल रहे वैदिक सज्जनों का स्वागत करेंगे एवं जनसभा होगी।

जागरण यात्रा यज्ञ शाला परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए देश की राजधानी दिल्ली की ओर जायेगी। इस अवसर पर डॉक्टर मनीष तोमर, सुशील राणा, रामपाल तोमर, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्मज्ञान से ही सच्ची प्रेमा भक्ति संभव : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**समाज जागरण बागपत।**

संत निरंकारी मिशन का एक दिवसीय निरंकारी संत समागम सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन अध्यक्षता में बडौत में भव्य रूप से आयोजित हुआ। समागम में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने सहभागिता कर सतगुरु के दिव्य प्रवचनों से अपने जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान की। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत सत्संग में सतगुरु माता जी ने फरमाया कि परमात्मा से सच्चा प्रेम तभी संभव है जब उसका वास्तविक परिचय हो। केवल नाम लेने से नहीं, बल्कि ब्रह्मज्ञान द्वारा परमात्मा को जानकर उसे जीवन में धारण करके ही प्रेमा भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। सतगुरु माता जी ने उदाहरण सहित समझाया कि परमात्मा एक ही है, चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारा जाए। जिस प्रकार एक ही मैदे से अनेक प्रकार के व्यंजन बनते हैं, उसी प्रकार मूल तत्व एक ही रहता है। इसी तरह जल, बर्फ और भाप रूप बदलते हैं, पर उनका तत्व एच टू ओ एक ही होता है। वैसे ही समस्त सृष्टि के कण-कण में एक ही निराकार परमात्मा विद्यमान है।



सतगुरु माता जी ने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत अनमोल है क्योंकि इसी में परमात्मा की प्राप्ति संभव है। यह मनुष्य पर निर्भर है कि वह अज्ञान में जीवन बिताए या जागरूक होकर प्रेम, क्षमा, सेवा और सद्भाव को अपनाए। सच्ची भक्ति भय, स्वार्थ या चतुराई से नहीं, बल्कि निष्काम प्रेम से की जाती है। मनुष्य सेवा, सुमिरन और सत्संग से जुड़कर मानवता के गुणों को अपनाए, किसी को कष्ट न पहुँचाए और क्षमा व प्रेम का व्यवहार रखे। परमात्मा का प्रेम अमीर-गरीब, ऊँच-नीच या किसी भेदभाव में भेद नहीं करता, वह सभी पर समान रूप से बरसता है। मेरठ जोन के जोनल इंचार्ज कुंवरपाल की ओर से बागपत संयोजक यशवीर ने विभिन्न स्थानों से आए हुए संत महात्माओं, भाई-बहनों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा प्रशासन से प्राप्त सहयोग हेतु प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। निसंदेह, समागम में उपस्थित संगत ने एकत्व, प्रेम और मानवता के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# 105 समर्पण सागर महाराज के सानिध्य में भव्य रथ यात्रा का आयोजन



**समाज जागरण**

शामली। क्षेत्र के गांव भैसवाल स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से रविवार को भव्य रथ यात्रा महोत्सव एवं कल्याण मंदिर स्त्रोत्र विधान विधि विधान से मनाया गया। इस दौरान श्री 105 समर्पण सागर महाराज के सानिध्य में भव्य रथ यात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव में भ्रगण कर संपन्न हुई।

रविवार को गांव भैंसवाल स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कल्याण मंदिर स्त्रोत्र विधान विधि विधान से संपन्न हुआ। सवेरे जैन धर्म का ध्वजारोहण हुआ। जिसके बाद श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा और कल्याण मंदिर स्त्रोत्र विधान श्री 105 समर्पण सागर महाराज के सानिध्य संपन्न हुआ। इस दौरान समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर स चतुर्थ वार्षिक भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान थी। रथयात्रा में ख्वाति गौरव जैन बने। शारथी समकित जैन, कुबैर पारस जैन, महाइंद्र निखिल जैन व सचिन जैन रहे। रथ यात्रा गांव के विभिन्न मांर्गो से होते हुए संपन्न हुआ, जिसका ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी जेके जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव जैन, महामंत्री आशीष जैन, समयंक जैन, संयोजक सचिन जैन भगतजी, मनोज जैन, शरद जैन, मोहित जैन, ललित जैन, राजीव जैन, पंकज जैन आदि मौजूद रहे।

# शिवालयों में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए लगी लंबी लाइनें

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग ) महा शिवरात्रि पर्व पर शहर के शिवालयों में रविवार सुबह से ही भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। शिव मंदिरों में भगवान शिव को शहद, दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा आदि से जलाभिषेक और पूजा अर्चना की गई और परिवार की सुख शांति की कामना की है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के चलते मंदिरों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात रहे।



रविवार को फाल्गुन मास में कृष्ण चतुर्दशी के दिन महाशिवरात्रि का पर्व जिलेभर में भक्तिभावना के साथ मनाया गया। सवेरे 4 बजे से शहर के शिवालयों में भगवान शिव को जलाभिषेक के करने के लिए शिवभक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। शिव मंदिरों में देखते ही देखते शिवभक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। शिव मंदिरों में शिवभक्तों की लंबी लंबी लाईने लगी रही। घंटों प्रतीक्षा करने के बाद शिवभक्तों ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। मंदिरों व शिवालयों में दिनभर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। शिवभक्तों ने भगवान शिव को दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा आदि से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और परिवार की सुख शांति की कामना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी। महिलाओं, पुरूषों व बच्चों ने जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जहां पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं की लाईने लगवाकर ही जलाभिषेक करने दिया गया। वही शहर के सिद्धपीठ मंदिर गुलजारी वाला, सिद्धपीठ भाकूवाला शिव मंदिर, सिद्धपीठ सदाशिव मंदिर रेलपार, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर, बलभद्र मंदिर बुढाना रोड, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए लेकर देर शाम तक शिवभक्तों की भीड़ लगी रही। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। मंदिरों में देर शाम तक जलाभिषेक हुआ, और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# वैदिक यज्ञ प्रवचन एवं भजन कार्यक्रमो के साथ समारोह का समापन

**समाज जागरण**

शामली। आर्य समाज मंदिर में आयोजित ऋषि बोध उत्सव के अंतिम दिन वैदिक यज्ञ, प्रवचन एवं भजन कार्यक्रमों के साथ समारोह का समापन हो गया। कार्यक्रम में भजन सम्राट कुलदीप आर्य के भजन एवं प्रवचन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। रविवार प्रातः अशोक आर्य के आवास पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्मा पुरोहित सुदेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण



के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने महर्षि दयानंद के जीवन और उनके द्वारा बताए गए यम, नियम, आसन एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर मनुष्य जीवन में आत्मिक उन्नति प्राप्त कर सकता है। कुलदीप आर्य ने शिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव का अर्थ कल्याणकारी, सत्य और निराकार परमात्मा है। उन्होंने स्वामी दयानंद के जीवन संदेश को बताते हुए कहा कि सत्य ही शिव है और शिव ही कल्याण का मार्ग है। इस दौरान रघुवीर सिंह आर्य, सुभाष गोयल आर्य, नितिन वर्मा आर्य, देवेंद्र आर्य उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद से आहत युवक हाईटेंशन विद्युत टावर पर चढ़ा, पुलिस की तत्परता, एवं सूझबूझ से सकुशल रेस्क्यू

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। आज सायंकाल विश्राम कुमार पुत्र जंगी प्रधान निवासी ग्राम मगरदहाथाना करमा जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 23 वर्ष, अपने ससुराल ग्राम छपका थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र में पत्नी की विदाई हेतु आया था। पारिवारिक कारणों से विदाई न होने पर क्षुब्ध होकर उक्त युवक 33 हजार के हाईटेंशन विद्युत टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा संयम, धैर्य एवं संवाद स्थापित कर युवक को समझाया गया। काफी प्रयास के उपरांत युवक को सुरक्षित एवं सकुशल नीचे उतार लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई।



परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा आवश्यक अग्रेतर विधिक एवं शांति व्यवस्था संबंधी कार्यवाही की जा रही है। मौके पर स्थिति पूर्णतः सामान्य है।

# अवैध कच्ची शराब बरामदगी में दो अभियुक्त गिरफ्तार , 30 लीटर शराब जब्त

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**

दुद्धी/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश पुलिस के तहत कार्यवाही करते हुए दुद्धी थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सोनभद्र जनपद में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद की गई। दिनांक 15 फरवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से 14 फरवरी 2026 को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बरामदगीः पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के पास से कुल 30 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तः रविन्द्र कुमार सिंह पुत्र रामजीत सिंह निवासी बीडर थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र, अनिल कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी वार्ड नं0 8 कस्बा दुद्धी जनपद सोनभद्र।आपराधिक इतिहासः दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत पूर्व में भी मुकदमे दर्ज पाए गए हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः उ0नि0 मिंटू प्रसाद, उ0नि0 रामसुजीवन यादव, उ0नि0 सुरेन्द्र यादव, हे0का0 सर्वेश सिंह यादव। पुलिस द्वारा बताया गया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ऑटो कलपुर्जा शेयरों में लौटी रौनक: व्यापार समझौतों और दमदार नतीजों से निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी

## ऑटो कलपुर्जा कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन २०२५ में थोड़ा धीमा रहा । लेकिन साल की शुरुआत से ही ये निफ्टी ऑटो इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं

ऑटो सेक्टर के शेयरों ने शुक्रवार को अन्य सेक्टरों की तुलना में बिकवाली के दबाव का बेहतर ढंग से सामना किया। बीएसई ऑटो और निफ्टी ऑटो में बेंचमार्क इंडेक्स में जहां 1.3 फीसदी की गिरावट आई, वहीं इन शेयरों में 1 प्रतिशत से भी कम की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने के मुकाबले कई कारणों से वाहन कलपुर्जा कंपनियों के शेयरों की संभावनाएं बेहतर हुई हैं।

ऑटो कलपुर्जा कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन 2025 में थोड़ा धीमा रहा। लेकिन साल की शुरूआत से ही ये निफ्टी ऑटो इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, पिछले महीने निफ्टी ऑटो इंडेक्स में लाभ वाले तीन अग्रणी शेयर ऑटो कलपुर्जा कंपनियों के थे। इनमें सबसे आगे भारत फोर्ज रही। उसके शेयरों में 19.1 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। उसके बाद सोना बीएलडब्ल्यू प्रीसिजन (15.6 फीसदी) और संवर्धन मदरसन (14.3 फीसदी) का स्थान रहा।



अग्रणी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में मजबूती का कारण दिसंबर तिमाही के अच्छे परिणाम, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते और ऑटोमोबाइल कारोबार से इतर विविधता अपनाना है। इससे उन्हें ऑटोमोबाइल क्षेत्र में चक्रीय मांग और प्रौद्योगिकी रुझानों का जोखिम कम करने में मदद मिली है। सकारात्मक पहलुओं में ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ हाल में हुए व्यापार समझौते शामिल हैं। ऐक्सिस सिक्योरिटीज का मानना है कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते वाहन कलपुर्जा निर्यातकों के लिए मददगार हैं। संचित कारेकर के अनुसार फोर्जिंग , कास्टिंग, पहिये,

एक्सल और इलेक्ट्रॉनि क्स जैसे इंजीनियरिंग-प्रधान कलपुर्जों को यूरोपीय बाजारों में बेहतर पहुंच मिलने की संभावना है और इसे भारत के लागत लाभ और चीन+1 रणनीति के तहत यूरोपीय ओईएम के म्ल खरीदने में विविधता अपनाने से बढ़त मिलेगी।

ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि इससे स्पष्ट रूप से निर्यात वाली कलपुर्जा कंपनियों को फायदा होगा। फर्म ने एंड्योरेंस टेक्नॉलजी को 2,830 रुपये प्रति शेयर का लक्ष्य दिया है और बने रहने की रेटिंग दी है। उसने सीआईई ऑटोमोटिव और सनसेरा इंजीनियरिंग को क्रमशः 500 रुपये प्रति शेयर और 1,950 रुपये प्रति शेयर की लक्षित कीमत के साथ खरीद की रेटिंग दी है।

अमेरिका-भारत व्यापार समझौता एक और सकारात्मक पहलू है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज का कहना है कि जवाबी टैरिफ 50 फीसदी से घटकर 18 फीसदी होना ऑटोमोबाइल निमार्ताओं की तुलना में वाहन कलपुर्जा उद्योग के लिए ज्यादा फायदे की बात है। वाहन कलपुर्जा क्षेत्र में सबसे अधिक लाभ मझोले और भारी वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट को होगा। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि इसके तहत आने वाली प्रमुख कंपनियों में भारत फोर्ज, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज, स्टील स्ट्रिप्स व्हील्स और सनसेरा इंजीनियरिंग शामिल हैं।

तीसरी तिमाही के नतीजों ने भी इन कंपनियों के प्रति निवेशकों का सकारात्मक रुझान बढ़ाया है। तीसरी तिमाही में राजस्व में अपेक्षित वृद्धि और उचित मूल्यांकन को देखते हुए नोमूरा रिसर्च ने भारत फोर्ज को खरीद की रेटिंग दी है। ब्रोकरेज फर्म के कपिल सिंह और सिद्धार्थ बेरा का मानना है कि रक्षा, एरोस्पेस क्षेत्र में मजबूत वृद्धि और भारत में वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती मांग के चलते कंपनी में मजबूत बढ़त देखने को मिलेगा।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से टैरिफ का बोझ कम हो गया है और नए ऑर्डर मिलने का सिलसिला बने रहने की उम्मीद है। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि यूरोपीय संघ के स्टील कारोबार का पुनर्गठन और संभवतः इसके एक हिस्से को भारत में स्थानांतरित करना भी उत्प्रेरक का काम कर सकता है।

देश की सबसे बड़ी वाहन कलपुर्जा निमार्ता कंपनी संवर्धन मदरसन ने भी तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया। इस कारण उसके लक्षित मूल्य में वृद्धि हुई। मोतीलाल ओसवाल रिसर्च ने प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद तीसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने आय अनुमानों में 6 फीसदी की वृद्धि की है।

ब्रोकरेज फर्म के अनिकेत म्हात्रे के नेतृत्व में विश्लेषकों का मानना है कि प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ते रुझान ऑटो और गैर-ऑटो सेगमेंट में मजबूत ऑर्डरों का बैकलॉग और हाल में किए गए अधिग्रहणों के सफल एकीकरण के कारण कंपनी वैश्विक ऑटोमोबाइल बिक्री में बेहतर प्रदर्शन करना जारी रखेगी।

एंड्योरेंस टेक्नॉलजीज का तिमाही प्रदर्शन स्थिर रहा। लेकिन ब्रोकरेज फर्में, विशेष रूप से यूरोपीय कारोबार को लेकर, सतर्क हैं। जीएसटी दरों में कटौती के बाद घरेलू वाहन कलपुर्जा क्षेत्र ने अच्छी शुरूआत की है। लेकिन यूरोपीय कारोबार चुनौतीपूर्ण माहौल में चल रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज का मानना है कि आगे चलकर कंपनी को घरेलू दोपहिया उद्योग के बढ़ते प्रीमियम करण से लाभ मिलता रहेगा, जो उसके इनवर्टेड फ्रंट फोर्क्स, स्लिप/ असिस्ट क्लच और हाइड्रोलिक ब्रेक सिस्टम के पोर्टफोलियो के लिए अच्छा संकेत है।

चुनौतियों के बावजूद मजबूत खुद के दम पर वृद्धि के लिहाज से तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन के बाद इलारा सिक्योरिटीज सोना बीएल डब्ल्यू प्रीसिजन फोर्जिंग्स के प्रति सकारात्मक है। कंपनी लगातार नए उत्पाद विकास की मजबूत क्षमता प्रदर्शित कर रही है। वह उत्पाद, सेगमेंट और ग्राहक विस्तार के मोर्चे पर कई उपाय अपना रही है। जे काले के नेतृत्व वाले विश्लेषकों ने वित्त वर्ष 2026-28 के लिए अपने अनुमानों में 2 से 5 फीसदी की वृद्धि की है।

# एशियाई विकास बैंक का सुझाव: केवल जरूरतमंदों को मिले सब्सिडी, भ्रष्टाचार रोकने के लिए ऑडिट जरूरी

## रिपोर्ट के अनुसार, कोविड के बाद केंद्र सरकार की सब्सिडी 2022 - 23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और पीडब्ल्यूसी के संयुक्त अध्ययन में कहा गया है कि सरकार को सभी लोगों को दी जाने वाली सामान्य सार्वभौमिक सब्सिडी से हटकर केवल जरूरतमंद लोगों को सीधे लक्षित लाभ देने की व्यवस्था अपनानी चाहिए। इस रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि लाभ पाने वालों के लिए सख्त पात्रता नियम बनाए जाएं, योजनाओं की समय-सीमा तय की जाए और समय-समय पर इसका ऑडिट किया जाए ताकि भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम होने के साथ ही पैसे की बरबादी कम हो और सरकारी खर्च अधिक प्रभावी बने।

यह रिपोर्ट 16वें वित्त आयोग को सौंपी गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक खर्च की गुणवत्ता सुधारने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सही लोगों तक लाभ पहुंचाना, पारदर्शिता बढ़ाना और जवाबदेही मजबूत करना बहुत जरूरी है।

अध्ययन में कहा गया है कि भारत की सब्सिडी व्यवस्था में बदलाव लाने की जरूरत है। सभी को एक जैसी सब्सिडी देने की बजाय इसे धीरे-धीरे बंद किया जाए। केंद्र और राज्य सरकारों को आधार से जुड़ी पहचान के जरिये सही लाभार्थियों को चुनना चाहिए। साथ ही, नई योजना शुरू करने से पहले और बाद में उसके प्रभाव का आकलन करना अनिवार्य किया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि योजना वास्तव में लाभकारी है या नहीं।



अध्ययन में केंद्र सरकार और 21 बड़े राज्यों द्वारा दी जा रही सब्सिडी और नकद हस्तांतरण का विश्लेषण किया गया है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि ये सब्सिडी कुल सार्वजनिक खर्च का लगभग 7 से 10 प्रतिशत हिस्सा हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोविड के बाद केंद्र सरकार की सब्सिडी 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। बाद में यह घटकर 2024-25 (संशोधित अनुमान) में 1.7 प्रतिशत रह गई। वहीं राज्यों का खर्च लगातार बढ़ा है और यह वर्ष 2017-18 में यह उनके सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 2.1 प्रतिशत था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 3.0 प्रतिशत हो गया।

# कड़ी मेहनत और निरंतरता ही सफलता की कुंजी है - अंकित दुदानी

## स्व.रामकिशन गुप्ता ने सम्पूर्ण भारत में शिक्षा की अलख जगाईः अंकित दुदानी

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

चरखी दादरी, 15 फरवरी । स्थानीय डी.आर.के. आदर्श विद्या मंदिर में शिक्षा और उत्कृष्टता को समर्पित एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दादरी एजुकेशन सोसाइटी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर श्री राम कृष्ण गुप्ता मेधावी छात्र योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को उनकी शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि अंकित दुदानी गोयल (वरिष्ठ पत्रकार, न्यूज 18 हरियाणा एवं सदस्य, प्रेस सलाहकार समिति, हरियाणा) ने बढ़ाई। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। अपने संबोधन में अंकित दुदानी गोयल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यालय द्वारा मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही इस योजना की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि दादरी एजुकेशन सोसायटी के शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करके यहां




के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पदों पर जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इस क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संस्कार देकर ये संस्थान महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। शिक्षा के साथ आपके संस्कार आपको सफलता की शीर्षतम ऊंचाइयों पर जाने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि स्व.रामकिशन गुप्ता को शिक्षा और समाज कल्याण कार्यों के लिए देश भर में याद किया जाता है। स्व.श्री रामकिशन गुप्ता ने दर्जनों शिक्षण संस्थाओं को संचालित कर ऐतिहासिक मिसाल कायम की है। उन्होंने संपूर्ण भारत में शिक्षा की अलख जगाई। अंकित दुदानी ने आगे कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को शिक्षित करने और उन्हें कामयाब बनाने में दादरी एजुकेशन सोसायटी की शिक्षण संस्थानों का बहुत बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने अपने विद्यार्थी काल के अनुभव भी विद्यार्थियों से साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अंदर शिक्षा के साथ साथ संस्कारों को बनाए रखें। अपने माता-पिता, गुरुजनों,बड़े बुजुर्गो का सम्मान करेंगे तो निश्चित तौर पर सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि विजय एक पड़ाव है और जिन्हे जीत मिली उन्हें बधाई लेकिन जिन्हे जीत नहीं मिली वे विद्यार्थी निराश होने की बजाय दोगुने उत्साह एवं मेहनत से सफलता की ओर आगे बढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपना प्रत्येक कार्य राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानकर करें और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उनके व दादरी एजुकेशन सोसायटी के सदस्यों, शिक्षकों द्वारा डी.आर.के ओलंपियाड के विजेताओं के सम्मान समारोह के दौरान विशेष रूप से डी.आर.के ओलंपियाड के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। दादरी एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्षा डा. विद्या गुप्ता, प्राचार्य अवनीन्द्र सती ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मान समारोह में राधेश्याम ऐरन उपप्रधान, हरिराम खुडानिया महासचिव, सचिव जय प्रकाश, कार्यक्रम संयोजक विजय गर्ग,चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के पीआरओ ऋषि शर्मा, राजीव, धीरज,वरुण,पुनीत,राजेंद्र,कृष्ण, व कार्यकारिणी सभा के सम्मानित सदस्य एवं दादरी शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। विद्यालय व अन्य शिक्षण संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह का समापन सफलतापूर्वक हुआ।

# आज पूरा विश्व हर समस्या के समाधान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है : डा. शील कुमार

## रविवार को श्री बालाजी धाम डोभ में हिंदू सम्मेलन का किया गया आयोजन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 15 फरवरी । रविवार को श्री बालाजी धाम डोभ में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आर.एस.एस. के जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डा. शील कुमार जी रहे। उन्होंने शिवरात्रि के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदू सम्मेलन के उद्देश्यों की विस्तार से चर्चा की और वर्तमान समय में समाज के समक्ष प्रमुख चुनौतियां और उनके समाधान के रूप में पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य) को अपने आचरण में ढालने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने बताया कि आज पूरा विश्व हर समस्या के समाधान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है ,इसलिए हम सबको भारतीय संस्कृति के अनुरूप आचरण करते हुए स्वयं से इन परिवर्तनों की शुरूआत करके पूरे विश्व को जागृत करना है क्योंकि हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा

उन्होंने बताया कि हिंदू केवल धर्म नहीं है बल्कि एक जीवन पद्धति है जो अपने देश को भारत माता के रूप में, प्रकृति को भगवान के रूप में, विश्व को परिवार के रूप में देखता है वही हिंदू है, जो सभी के सुख की कामना करता है वही हिंदू है। इस प्रकार विश्व की सभी समस्याओं का समाधान भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति में है, अतः हम सबको भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना चाहिए।



**कार्यक्रम श्री शनि देव मित्र मंडल रोहतक द्वारा पद यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ पहुंची, धाम पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया और कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को कढ़ी चावल और व्रत वाले श्रद्धालुओं के लिए केले और पेठे की मिठाई का प्रसाद वितरण किया गया।**

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के संरक्षण श्री पुरुषोत्तम दास बंसल जी ,अध्यक्ष माडौधी जाटाण के सरपंच श्री अनूप जी, कोषाध्यक्ष विजय जी, संयोजक विजय मास्टर जी, सचिव संदीप जी ,सुनील जी श्रीमती सुनीता यादव जी और आसपास के विभिन्न स्थानों से लगभग 570 श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 15 से 22 फरवरी तक आयोजित होने वाली अलख क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को हुआ शुभारंभ, 48 टीमें मैदान में

## पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता गजानंद अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे, अग्रवाल दी 1.21 लाख की सहयोग राशि

**समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 15 फरवरी । युवाओं की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से 15 से 22 फरवरी तक आयोजित होने वाली अलख क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में छह पूलों में कुल 48 टीमों को शामिल किया गया है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता गजानंद अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में विकास गिरी महाराज (महंत, श्री अलख आश्रम) मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि गजानंद अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय कर उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास का आधार है तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मजबूत करता है। उन्होंने आयोजकों को अपनी ओर से 1,21,000 की सहयोग राशि भी प्रदान की।




अतिथियों ने विजेता टीमों का उत्साहवर्धन किया और युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का संदेश दिया।

पहले दिन के मुकाबले बहल बनाम मिठी रेहडू (राजस्थान) – मिठी रेहडू विजेता प्रमोद रहे मैन ऑफ द मैच तोशाम बनाम बीरण – तोशाम विजेता गंगवा बनाम गेहली – गंगवा विजेता मिरान बनाम मिठी – मिरान विजेता दूसरे राउंड में गंगवा बनाम मिठी रेहडू – गंगवा विजेता रहे।

इस अवसर पर अलग आश्रम के महंत बाबा विकास गिरी महाराज, बीडीसी योगेश शर्मा, बहल थाना प्रभारी संजय कुमार, मुन्ना तिवारी, जयकुमार शर्मा, शिव कुमार शर्मा, सुशील चैहडिया, ईश्वर नंबरदार, सतपाल नंबरदार, शिवकुमार गोस्वामी, श्यामसुंदर कोशिश, दीपक यादव, महेश शर्मा, बजरंग जावला, संदीप लाखलाण, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया महाशिव रात्रि का पर्व

**समाज जागरण,**

कालांवाली 15 फरवरी 2026 (सुरेश जोरासिया) महाशिव रात्रि के पावन पर्व को लेकर भोले के भगतों में खुशी की लहर देखी गई। सुबह से ही मंदिरों में भगतों की लम्बी कतारे लगी रही। कालांवाली शहर के विभिन्न मंदिरों में सदाशिव महादेव के मंदिरों में भगतजनों ने जलाभिषेक किया गया। श्री महाकाल कांवड़ संघ कालांवाली की ओर से कांवड़ यात्रा के लिए जत्था रवाना हुआ। महाशिव रात्रि के पावन पर्व पर डेरा शिवपुरी तारूआना रोड़ कालांवाली में कांवडीयों के लिए ठहराव किया गया। डेरा शिवपुरी के मंहत बाबा गोरखपुरी गांव तारूआना ने बताया कि महाशिव रात्रि के पावन पर्व पर भगतजनों के लिए जलपान व प्रसाद विरतण किया। इस मौके पर संत महापुरूष मंहत बाबा जमनादास दूनेवाला (पंजाब) से विशेष तौर पर पहुंचे। कांवड़ीयों का जत्था डेरा



शिवपुरी में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मंहत बाबा गोरखपुरी ने कहा कि हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से संगत के सहयोग से मनाया गया। उनहोंने कहा महाशिव रात्रि का उपवास रखने का विशेष महत्व है। उपवास रखने से परिवार में सुख शांति कारोबार में उन्नति एवं प्रमसुख कि प्राप्ती होती है। कांवड को शहर के विभिन्न मंदिरो में चढ़ाया गया और अपने ईष्टदेव महादेव को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कि गई। हर हर महादेव के जयघोष से सारा वार्तावरण भक्तिमय हो गया। सभी ने मंहत बाबा जमनादास जी से आर्शिवाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। मां काली मंदिर में भी कावंडीयों के लिए भी खास प्रबन्ध किया गया। महामाई से सेवा समिति के प्रधान राजपाल धालीवाल ने कहा कि कांवडीयों ने मंदिर में कुछ सम ठहराव किया भगतों के लिए प्रसाद सुविधानुसार व्यवस्था कि गई। इस अवसर पर हरप्रीत, मुकेश, सुशील, नरेश, विजय कुमार फास्ट फूड, शुभम वंश कमल प्रेम गुरविन्द्र अंग्रेज गणेश एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजुद रहे।

# जलंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर 'फोर्ट्रेस चेक' के तहत विशेष टिकट जांच अभियान,1.67 लाख रुपए जुमार्ना वसूला

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

पंजाब/फिरोजपुर,15 फरवरीः बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल द्वारा 14 फरवरी 2026 को जलंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान ह्यफोर्ट्रेस चेकह्व चलाया गया। इस सघन जांच अभियान के दौरान कुल 243 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे लगभग ङ्1.67 लाख का राजस्व वसूला गया। यह अभियान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार चलाया गया। अभियान में 14 टिकट जांच कर्मी एवं आरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से भाग लिया।फोर्ट्रेस चेक के अंतर्गत स्टेशन परिसर में बिना पूर्व सूचना सघन टिकट जांच की जाती है। इस दौरान यात्रियों के टिकटों की गहन जांच




कर बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने यात्रियों से अपील की है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। यात्रियों की सुविधा एवं राजस्व के बचाव को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे।

# हरियाणा सरकार ने 2.39 करोड़ के चिकित्सा उपकरण खरीद को दी मंजूरी

**समाज जागरण,**
**लोकेशनः चंडीगढ़ / हरियाणा**

समाज जागरण डेस्कः हरियाणा सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 2.39 करोड़ रुपये के सूक्ष्म चिकित्सा उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी है। स्वीकृत प्रस्ताव के तहत 25 स्लिट लैंप, 140 रेडिएंट वार्मर, 60 एलईडी फोटोथेरेपी यूनिट तथा 1,575 प्लास्टिक मोल्डेड पैलेट खरीदे जाएंगे। इन उपकरणों की उपलब्धता से प्रदेशभर के मरीजों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी तथा हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत होगा।

सरकार के अनुसार यह खरीद दो वर्ष के रेट कॉन्ट्रैक्ट के तहत की जाएगी। साथ ही उपकरणों के निर्बाध संचालन के लिए आवश्यक मेंटेनेंस सपोर्ट भी अनुबंध में शामिल रहेगा, ताकि अस्पतालों में सेवाएं बिना रुकावट जारी रह सकें।

# निवेशकों के लिए हरियाणा तैयार, उद्योग-अनुकूल नीतियों का रोडमैप साझा

**समाज जागरण, लोकेशनः नई दिल्ली / हरियाणा**

समाज जागरण डेस्कः नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने प्रदेश के सुदृढ़ आर्थिक ढांचे और उद्योग-अनुकूल नीतियों का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रहा है और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

डॉ. अग्रवाल ने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार निवेशकों के लिए न केवल उत्कृष्ट नीतियां बना रही है, बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू भी कर रही है। इससे ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है।

उन्होंने बताया कि पारदर्शी प्रक्रियाओं, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग समर्थक वातावरण के माध्यम से हरियाणा देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों में तेजी से उभर रहा है।

# हेडिंगः भव्य समापन के साथ संपन्न हुआ 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

**समाज जागरण लोकेशनः सूरजकुंड, हरियाणा**

समाज जागरण डेस्कः शिल्प और परंपरा की अद्वितीय छटा बिखेरने के बाद 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला आज भव्य रूप से संपन्न हो गया।



मेले के समापन समारोह में देश-विदेश से आए शिल्पकारों और बुनकरों की कला ने दर्शकों का मन मोह लिया।

समापन समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उत्कृष्ट कला प्रदर्शित करने वाले शिल्पकारों और बुनकरों को सम्मानित किया तथा उनके योगदान की सराहना की।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि सूरजकुंड मेला भारतीय हस्तशिल्प, परंपरा और आत्मनिर्भरता का सशक्त मंच है। यह मेला न केवल कलाकारों को पहचान देता है बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मेले के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# यमुना को निर्मल बनाने के लिए मिशन मोड में कामः दिल्ली सरकार

**समाज जागरण,**
**लोकेशनः नई दिल्ली**

समाज जागरण डेस्कः दिल्ली सरकार ने यमुना नदी की सफाई को लेकर बड़े स्तर पर मिशन मोड में काम शुरू करने का दावा किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय दिल्ली की ओर से बताया गया कि यमुना को निर्मल बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कई परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ाई जा रही हैं।

सरकार के अनुसार, नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाए जा रहे हैं, जबकि पुराने प्लांट्स को तेजी से अपग्रेड किया जा रहा है। इसके साथ ही सफाई कार्य में हाई-टेक मशीनों का भी उपयोग किया जा रहा है और इसके लिए अलग से बजट निर्धारित किया गया है।

सरकार ने कहा कि यमुना सफाई से जुड़े जो कार्य वर्षों से लंबित थे, उन्हें पिछले एक वर्ष में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन के रूप में आगे बढ़ाया गया है। अधिकारियों का दावा है कि इन प्रयासों से यमुना की स्वच्छता में ठोस सुधार देखने को मिलेगा।

# महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नल्हेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक

**समाज जागरण,**
**लोकेशनः नूंह (हरियाणा)**

समाज जागरण डेस्कः महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह स्थित नल्हेश्वर मंदिर में विधि-विधान से जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की



कामना भी की।

मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में भी उत्साह देखने को मिला।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एडीजीपी सीआईडी सौरभ सिंह की माता के निधन पर जताया शोक

**समाज जागरण लोकेशनः पंचकूला, हरियाणा**

समाज जागरण डेस्कः हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) सौरभ सिंह की माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने इस दुखद घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# नाथद्वारा धाम में रेखा गुप्ता ने किए श्रीनाथजी के दर्शन, सनातन संदेश पर दिया जोर



**समाज जागरण,**
लोकेशनः नाथद्वारा (राजस्थान)

समाज जागरण डेस्कः दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजस्थान के पावन नाथद्वारा धाम में श्रीनाथजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह वही पवित्र भूमि है, जहां भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धनधारी स्वरूप ने धर्म, करुणा और संरक्षण का सनातन संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शताब्दियों से यह धाम भक्ति और समर्पण की अखंड ज्योति का केंद्र रहा है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शिव का स्मरण इस आध्यात्मिक अनुभूति को और दिव्य बना देता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि श्रीकृष्ण का करुणा स्वरूप और महादेव का तप स्वरूप मिलकर सनातन धर्म की पूर्णता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, कैबिनेट सहयोगी आशीष सूद, रविन्द्र इन्द्राज, विधायक अनिल शर्मा तथा दीप्ति किरण माहेश्वरी सहित भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली में हर भूखंड को मिलेगा 14 अंकों का यूनिक नंबर, भूमि व्यवस्था होगी डिजिटल

**समाज जागरण,**
**लोकेशनः नई दिल्ली**

समाज जागरण डेस्कः दिल्ली में भूमि प्रबंधन को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय दिल्ली के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी के हर भूखंड को 14 अंकों वाला यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर (वछढक्ह) दिया जाएगा।

सरकार का कहना है कि यह नंबर हर जमीन की सुरक्षित और स्थायी डिजिटल पहचान बनेगा, जिससे



भूमि रिकॉर्ड को पूरी तरह डिजिटाइज किया जा सकेगा।

**प्रमुख फायदे**

◇ हर जमीन का रिकॉर्ड डिजिटल और सुरक्षित होगा
◇ भूमि विवादों में कमी आएगी और पारदर्शिता बढ़ेगी
◇ धोखाधड़ी पर प्रभावी रोक लगेगी
◇ एक नंबर से भूमि की पूरी जानकारी आसानी से मिलेगी

इसके साथ ही दिल्ली का नया डिजिटल लैंड मैप तैयार करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण भी कराया जाएगा। सरकार का दावा है कि यह पहल नागरिकों की संपत्ति को अधिक सुरक्षित बनाएगी और राजधानी को आधुनिक भूमि प्रबंधन प्रणाली की ओर आगे ले जाएगी।

# सोहना-तावडू जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**समाज जागरण लोकेशनः नूंह (हरियाणा)**

समाज जागरण डेस्कः हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह जिले के सोहना-तावडू विकसित जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश के 17 जिलों में कैंसर डे-केयर सेंटर खोले गए हैं, जिससे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने घोषणा की कि नूंहझ्रसोहना तावडू बाईपास का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। भूमि उपलब्ध होने पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके अलावा तावडू के हसनपुर में प्राइमरी हेल्थ सेंटर के साथ सामुदायिक केंद्र, नया बस स्टैंड तथा सोहना में नई अनाज मंडी बनाने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य तेज गति से किए जाएंगे।

# जिला पंचायत निधि से बन रही पक्की नाली में उड़ा दी मानक की धज्जियां

## खलियारी गांव में लगभग तीन सौ मीटर नाली का निर्माण, चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। विकास खंड नगवां में जिला पंचायत निधि से नाली निर्माण का कार्य चल रहा है जिसमे संबंधित विभाग द्वारा मानकों की भारी अनदेखी की जा रही है निर्माण कार्य में प्रस्तावित डाला की काली गिट्टी की जगह अहरौरा की सफेद गिट्टी प्रयोग में लाई जा रही है नाली की ढलाई में धड़ल्ले से भस्सी का प्रयोग हो रहा है। बताते चलें कि जिला पंचायत अध्यक्ष निधि से खलियारी में लगभग तीन सौ मीटर पक्की नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमे खुलेआम मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है मानक के अनुसार डाला की काली गिट्टी प्रयोग में लाना है लेकिन विभाग द्वारा अहरौरा की सफेद गिट्टी प्रयोग में लाई जा रही है वही पक्के वर्ग के कार्य में कही भी भक्सी का प्रयोग नहीं करना है फिर भी धड़ल्ले से भासी प्रयोग हो रही है नाली के सीसी ढलाई में सरिया तीन सूत की प्रयोग में लाना है सरिया की जाली निर्माण में सात से आठ इंच पर गुछाई करनी है लेकिन विभाग द्वारा एक से दो फीट पर सरिया का प्रयोग किया जा रहा है जो मानक के विपरीत है नाली ढलाई हो रही अनियमितता से क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है।



प्रदेश की जीरो टार्लेंस की नीति पर चलने वाली योगी सरकार में भ्रष्टाचार करना अपराध है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के जीरो टार्लेंस का नही है कोई भय सरकारी धन से अपनी जेबें भरने में लगे है ।

इस संबंध में क्षेत्रीय जेई रमेश चौरसिया से सेल फोन पर वार्ता किया गया तो उन्होंने भी माना की निर्माण में अहरौरा की गिट्टी व भस्सी का प्रयोग नहीं करना है उन्होंने कहा कि मैने संबंधित को अहरौरा की गिट्टी हटाकर डाला की गिट्टी प्रयोग में लाने के लिए निर्देशित कर दिया है।

मजे की बात ये है कि कितने लापरवाह है अधिकारी काफी निर्माण मानक के विपरीत हो चुका है क्या जेई को संज्ञान में नहीं था की किस प्रकार के मैटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है इस बात की जानकारी नहीं होने का मतलब है कि जेई साहब कभी कार्य की गुणवत्ता चेक ही नही करने आए, अगर आए भी होंगे तो देखा भी होगा फिर निर्माण रुका क्यों नहीं, इसका मतलब तो यही है कि इस भ्रष्टाचार में जेई साहब की भी मौन सहमति थी।

जो भी हो क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी सोनभद्र से नाली निर्माण में हुए मानक की अनदेखी की जांच कर संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# एक लाख श्रद्धालुओं ने शिवद्वार में किया दर्शन पूजन

**विजय कुमार अग्रहरी/विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र/घोरावल। प्रतिवर्ष की भांति महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गुप्तकाशी शिवद्वार में रविवार को 10 दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। इस दौरान हर हर महादेव एवं ॐ नमः शिवाय के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में उमामहेश्वर की दिव्य प्रतिमा का दर्शन, पूजन एवं अभिषेक करने दूर दूर से आए श्रद्धालुओं का तांता देर शाम तक लगा रहा।अनुमान है कि रात्रि तक करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन पूजन किया। देर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन का क्रम चलता रहा। वही घोरावल नगर एवं ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन पूजन किया। मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेश गिरी के निर्देशन कलकत्ता से आए दिलीप कुमार, गुड्डू, मिजार्पुर के कैलाश, प्रदीप, लक्खू और पुजारी अजय गिरि द्वारा मंगलवार देर रात तक श्रीउमामहेश्वर के अद्वितीय विग्रह का दिव्य श्रृंगार किया गया। रविवार को तड़के चार बजे ही मुख्य पुजारी सुरेश गिरी, अजय गिरी, सुभाष गिरी, अमरेश गिरी व शिवराज गिरि द्वारा मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोल दिए गए। दोपहर 12 बजे तक 50 हजार से अधिक



श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। भोर से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों का ताता लगा रहा। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।साफ सफाई के लिए दो दर्जन सफाईकर्मी मौजूद रहे।मेले में पूजा सामग्री, श्रृंगार का सामान, मिठाई, खिलौने की सैकड़ों दुकाने लगी रही जहां दर्शनार्थियों ने बच्चों के साथ जमकर खरीदारी की। इस ऐतिहासिक मेले की पहचान गुड़हवा जलेबी का लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया।

उधर भारी भीड़ की संभावना के मद्देनजर कोहरथा मार्ग पर पोखरे के पास, घोरावल शिवद्वार मार्ग पर इलाहाबाद बैंक के पास, आमडीह मार्ग व हिरनखुड़ी मार्ग पर बैरिकेडिंग करके गाड़ियों के आवागमन को रोक दिया गया था।वहां से तीर्थयात्रियों को पैदल चलकर मंदिर तक जाना पड़ा। सुरक्षा के लिहाज से मेटल डिटेक्टर, ड्रोन कैमरों व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में दर्शन पूजन हुआ। इस अवसर पर एएसपी अनिल कुमार, सीओ राहुल पांडेय, तहसीलदार प्रवीण कुमार, नायब तहसीलदार विदित तिवारी, प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह, शिवद्वार चौकी प्रभारी कविंद्र यादव, ग्राम प्रधान सियाराम यादव, धीरज सिंह मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों और स्वयंसेवकों इत्यादि ने मेला व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# विकास खण्ड कोन क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ी भक्तों की भीड़, हर-हर महादेव से गूंजा शिवालय

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। आज पूरे देश में महाशिवरात्रि का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में घंटा-घड़ियाल की गूंज सुनाई पड़ रही है। हर हर महादेव की गूंज से पूरा शिवालय गूंज उठा। शिव मंदिरों में भोले शंकर को जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से ही देखी गई। बाबा भोलेनाथ को दूध, बेलपत्र व धतूरा व फूल चढ़ाया जा रहा है। मंदिरों के बाहर दूध, बेलपत्र व धतूरा व फूल-माला की दुकानें भी लगी हुई है।

भक्त इस दिन व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र आदि अर्पित करते हैं और मंत्र जाप, आरती व रुद्राभिषेक करते हैं। चारों पहर की पूजा अलग-अलग शुभ मुहूर्त में की जाती है, जिससे पूजा का फल कई गुना बढ़ जाता है। महाशिवरात्रि पर शिव मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र और शिव आरती का पाठ करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सुख-शांति व समृद्धि की प्राप्ति होती है। सर्वार्थ सिद्धि योग में की गई साधना को विशेष फलदायी माना गया है। इसी तरह कोन क्षेत्र के रोरवा शिव मन्दिर में सुबह से ही सुबह से ही मंदिरों में घंटा-घड़ियाल की गूंज सुनाई पड़ी और हर हर महादेव की गूंज से पूरा शिवालय गूंज उठा। शिव मंदिरों में भोले शंकर को जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से ही देखी गई। बाबा भोलेनाथ को दूध, बेलपत्र व धतूरा व फूल चढ़ाया गया। बतातें चले कि इस मंदिर का निर्माण कई दशक पूर्व हुआ था यहाँ लोग काफी दूर दूर से पूजा करने आते हैं। जिसके क्रम में मंदिर के पूर्व प्रबंधक दिलीप कुमार त्रिपाठी, लालबिजौरा निवासी ने बताया कि रोरवा का यह नर्वदेश्वर पंचेश्वर शिव मन्दिर का निर्माण लालबिजौरा निवासी स्व. शिवदयाल त्रिपाठी पुत्र बसंत त्रिपाठी के द्वारा लगभग 300 वर्ष पहले सुर्खी, चूना ईट से निर्माण कराया गया है !

इस मन्दिर की ऊचाई व नक्काशी, व भव्यता के समान अभी तक अगल



बगल 100 किलोमीटर की दूरी में कोई भी मन्दिर नही हैं। जहाँ पर दूर दूर से लोग देखने को आते है।

अपना दल के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह द्वारा 12 घंटे का अखंड कीर्तन कराया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के पूर्व उपाध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायण दास गुप्ता, बीएसपी पूर्व लोकसभा प्रभारी विकलेश भारती, प्रतीक गुप्ता सूर्य देव यादव, पूर्व प्रधान उदय चंद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। अंत में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता ने महाशिवरात्रि की सभी श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इसी तरह ग्राम पंचायत कुड़वा के पांडव चट्टान स्थानीय लोक कथाओं के अनुसार जब पांडव वनवास काल में यहाँ भीषण गर्मी में आए थे, तब द्रौपदी को बहुत जोर की प्यास लगी थी। कहीं पानी न पाकर भीम ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए एक चट्टान पर जोर से प्रहार किया (या अपने गदा से चोट की), जिससे वहां से पानी की धारा फूट पड़ी।

चट्टान से निकली धाराः माना जाता है कि उस चट्टान से निकली धारा से द्रौपदी और पांडवों की प्यास बुझी। यहाँ के स्थानीय लोग आज भी उस स्थान को पवित्र मानते हैं।

प्रागैतिहासिक शैलचित्रों और 'पांडव चट्टान' के रूप में प्रसिद्ध स्थान, महाभारत के वनवास काल के दौरान पांडवों के यहां से गुजरने या रुकने की कहानी को स्थानीय आस्था के रूप में जीवंत रखते हैं और यही से पांडु नदी निकलती है जो आज पांडव चट्टान के नाम से प्रसिद्ध है यहाँ मकर सक्रांति और महा शिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों की जमकर भीड़ लगती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सावन मास में यहाँ से जल उठाकर लोग रोरवा प्राचीन शिव मन्दिर में जल चढ़ाते जिससे भक्तों को मन्नत पूरी होती है। बतादें कि यह जंगलों से घिरा बेहद रमणीय स्थल है और लगभग 6 एकड़ फैला चट्टान लोगों को बहुत भाता है। यहाँ लोग 1 जनवरी को पिकनिक मनाने ज्यादातर लोग आते हैं जहाँ लोग खूब मौज मस्ती करते हैं जो लोगों के लिए पिकनिक स्पॉट भी है। इसी तरह कोन क्षेत्र के कोन, खेमपुर, नौडीहा, रानीडीह सहित तमाम शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज से पूरा शिवालय गूंज उठा और लोगों ने लिया मेले का आनंद।

# थाना शक्तिनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, चोरी की कार सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार

### अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश, पूछताछ में चोरी की योजना का खुलासा

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोन भद्र अनिल कुमार एवं क्षेत्रा धिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे मय टीम द्वारा दिनांक 14.02.2026 को देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति/ वस्तु/वाहन चेकिंग एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की प्राप्त सूचना पर खोखरी पुलिया (रेलवे साइडिंग) के पास से चोरी की कार संख्या MP66C1609



(टाटा इंडिका) के साथ 05 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में थाना शक्तिनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 25/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। बरामदगी एवं साक्ष्य के आधार पर धारा 317(2), 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. गुरुलाल पुत्र केवल सिंह निवासी ग्राम नत्थूपुर थाना चोला जनपद तरनतारन (पंजाब), उम्र लगभग 35 वर्ष, 2. बोलजोत सिंह पुत्र केवल सिंह निवासी ग्राम नत्थूपुर थाना चोला जनपद तरनतारन (पंजाब), उम्र लगभग 30 वर्ष, 3. जर्मनजोत सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी ग्राम सरलानी माण्डा थाना सिटी पट्टी जिला तरनतारन (पंजाब), उम्र लगभग 27 वर्ष, 4. सिकन्दरजीत सिंह पुत्र सेवा सिंह निवासी ग्राम सरलानी माण्डा थाना सिटी पट्टी जिला तरनतारन (पंजाब), उम्र लगभग 34 वर्ष, 5. जोवनजीत सिंह पुत्र बगीचा सिंह निवासी ग्राम सरलानी माण्डा थाना सिटी पट्टी जिला तरनतारन (पंजाब), उम्र लगभग 28 वर्ष।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण से की गई पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग घूम फिर कर काम करते है तथा मौका पाकर हम लोग चोरी की घटनाओं को कारित करते है। इससे पूर्व में भी हम लोग चोरी कर चुके है तथा जेल भी जा चुके है। हम लोग यहाँ काम की तलाश में बैढ़न से शक्तिनगर आये थे तथा साधन का इंतजार करने लगे। इसी बीच मौका देख कर दिनांक 13/14.02.2026 को उक्त कर को चोरी कर उससे दूसरे स्थान जाने का प्लान बनाये तभी हम लोगो ने देखा कि शक्तिनगर बस स्टैण्ड से कुछ दूर एक वर्कशाप पर इंडिगो कार MP66C1609 खडी थी वहा कोई नही था हम लोगो ने मिलकर अपने पास रखी चाभी से इंडिगो कार का दरवाजा खोलकर, कार को चालू (स्टार्ट) कर वहाँ से चुरा कर वहाँ से तेज गति से निकल गए और फिर हम लोग उसी चोरी की कार से अनपरा सोनभद्र की तरफ जा रहे थे कि रास्ते में तेल खत्म होने वाला था तथा पुलिस से बचने के लिए हम लोग कार को एकान्त स्थान पर ले गये। दिन-भर हम लोग रूककर चोरी की घटना को अंजाम देने का प्लान किए कि इसी बीच पुलिस द्वारा पकड़ गए। अतः अभियुक्तगण द्वारा स्वीकार किया गया कि वे लोग इससे पूर्व भी चोरी किए है एवं जेल भी गए है।

# जिलाधिकारी ने विद्यालयों में मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण , मतदाताओं से फॉर्म - 6 भरने की अपील

**विजय शंकर पांडेय जिला संवाददाता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ (एस0आई0आर0) अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह ने कंपोजिट विद्यालय मल्टीस्टोरी बिल्डिंग राबर्ट्सगंज के मतदान केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किये, इस दौरान उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय के बूथ संख्या-49, 50 व 51 में ई0आर0ओ0 द्वारा नोटिस पर की जा रही सुनवाई व नये मत दाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने आदि प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने बी0एल0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि नो मैपिंग वाले जिन



मतदाताओं को नोटिस जारी की गयी है, वह निर्धारित तिथि पर निर्धारित स्थल पर उपस्थित हों, जिससे नोटिस सुनवाई की प्रक्रिया निर्धारित समय अवधि में हो सकें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज में स्थापित बूथ संख्या 14, 15, 16, 17, 18, 19 एवं 20 का भी निरीक्षण किये, उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित अभिलेखों, नोटिस वितरण एवं सुनवाई की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, और उनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी की गई है तथा उनकी सुनवाई संबंधित बूथों पर निर्धारित तिथियों में ई0आर0ओ0 द्वारा की जा रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित मतदाताओं से अपील की कि वे अपने निर्धारित बूथ पर निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अशुद्ध, डुप्लीकेट अथवा त्रुटिपूर्ण हैं, वे भी बूथ स्तर पर उपस्थित होकर आवश्यक प्रपत्रों के माध्यम से अपने नाम शुद्ध कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, ए0आर0 को-आपरेटिव देवेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, तहसीलदार राबर्ट्सगंज अमित सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण रहें।

# महा शिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सलखन न्याय पंचायत क्षेत्र के पहाड़ी ग्रामीण अंचलों में भी शिवरात्रि महापर्व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र महिला पुरुषों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह से शाम तक देवालय शिवालय मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन पुजन करने भीड़ लगी रही। वहीं महा मंगेश्वर मंदिर, नागेश्वर मंदिर बेलछ बरवां टोला, शिवंला टोला सलखन



मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, शीतला मंदिर गुरमा मारकुंडी, प्रचीन शिव पार्वती मंदिर गुरमा कालोनी इत्यादि छोटी बड़ी सभी मंदिरों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की दर्शन पुजन करने के साथ हर हर महादेव जयकारों के साथ वातावरण गुंजायमान हो रहा था। जगह जगह लगे मेलों में आज के दिन गुड़हिया जलेबी और बच्चों के खेल खिलौना महिलाओं बच्चों ने जमकर खरीदारी की। सुबह से शाम तक देवालयों मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ दशार्नार्थियों कतारे लगी रही।

# आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 55 मरीजों को जांच कर, दी गई दवा

### रविवार को सीएम आरोग्य मेला आयोजन

**विजय शंकर पांडेय जिला संवाददाता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 55 मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 55 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी, सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है।

गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि हमारे यहां कुल 08 महिलाओं का वजन, बीपी, एच बी, एचआईवी का जांच कर उन्हें आईरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड दवा दी गई। एक महिला का डिलेवरी भी हुआ है।

मेला में लैब टैक्नीशियन पवन कुमार मरीजों को जांच कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि 07 मरीजों का जॉच किया गया जिसमें, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है।

मेला में सीएचओ सुनीता यादव, फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया गया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में लगा भक्तों का तांता

### अति प्राचीन बाबा शोभनाथ मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण।**

चोपन/ सोनभद्र। महाशिवरात्रि पर्व पर नगर सहित आसपास के शिवालयों पर भोर से ही शिवभक्तों का आने का क्रम शुरू हो गया जो देखते देखते लंबी कतार में तब्दील हो गई नगर के कैलाश मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर, श्री रामेश्वर महादेव मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर में जहां शिवभक्तों ने पूरी श्रद्धा से पूजन अर्चन किये तो वहीं जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोठानी में सोन नद पर विराजमान अतिप्राचीन बाबा शोभनाथ मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं



ने बाबा का जलाभिषेक कियो बताते चलें कि यह ऐतिहासिक मंदिर गुप्त काशी के नाम से विख्यात है जहां महाशिवरात्रि पर क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और बाबा का दर्शन पूजन करते हैं यहां पर लगने वाले मेले का एक अलग ही आनंद होता है लोगबाग दर्शन पूजन के पश्चात परिवार सहित मेले का लुत्फ उठाते हैं साथ ही गोठानी की मशहूर गुड़हिया जलेबी का स्वाद जरूर चखते हैं वहीं मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए मंदिर कमेटी के साथ ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय रहती है।

# हर-हर महादेव जयघोष के साथ महा शिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, मेले में उमड़ा जनसैलाब

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के महापर्व महा शिवरात्रि के अवसर पर दुद्धी तहसील क्षेत्र में स्थित शिवालयों में भक्तों का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा।

दुद्धी तहसील अंतर्गत महुली एवं ड्योढी ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध शिव पहाड़ी तथा घीवही क्षेत्र के रेघड़ा शिव मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

मंदिर परिसर में भक्तों की आस्था का एक और दृश्य उस समय देखने को



मिला जब बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मन्नत पूर्ण होने की कामना से भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। कथा स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

महा शिवरात्रि के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विंढमगंज थाना पुलिस के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पीएसी के जवानों की तैनाती की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

वहीं मंदिर परिसर के आसपास लगे शिवरात्रि मेले में इस वर्ष खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें, खानपान के स्टॉल तथा जलेबी, खुरमा और अन्य मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ रही। लोगों ने परिवार के साथ मेले का आनंद लिया और जमकर खरीदारी की।

पूरे क्षेत्र में दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा तथा महा शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# देवी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में उमड़ा उत्साह, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़ ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। जनपद के ओबरा स्थित क्लब नंबर 4 के प्रांगण में देवी पब्लिक स्कूल द्वारा भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़ ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ उद्यमी रमेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटकों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि संजीव सिंह गौड़ ने विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे सांस्कृतिक मंच अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्रों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों और



अभिभावकों के प्रयासों को भी सराहा। इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ राजनेता, समाजसेवी और शिक्षाविद् उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख हैं मानसिंह गोंड (ब्लॉक प्रमुख, म्योरपुर) शिवनाथ जायसवाल (मंडल अध्यक्ष, ओबरा भाजपा) चांदनी देवी (अध्यक्षा, नगर पंचायत ओबरा) उमेश पटेल (वरिष्ठ भाजपा नेता) सुखनन्दन चौरसिया (जिला उपाध्यक्ष) संध्या गुप्ता (प्रबंधक, देवी पब्लिक स्कूल) डी.डी.गुप्ता (वरिष्ठ समाजसेवी) अयोध्या दुबे (प्रबंधक, एम.वी.एम. स्कूल) दुर्गावती देवी, श्री ओमप्रकाश शर्मा, रोशन सिंह, विजय यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती संध्या गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षकों व छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे समाज और देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

# महाशिवरात्रि पर शिव की आराधना में डूबे शिव भक्त

- पंचकोसी यात्रा में पुरुषों संग बच्चे और महिलाएं भी शामिल
- हर हर महादेव के आवाज से गुंजायमान हुआ पूरा क्षेत्र

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ के नगरी काशी के ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मत्था टेका और हर हर महादेव का उद्घोष किया। बता दें कि पंचकोसी मार्ग के तीसरे पड़ाव रामेश्वर महादेव के मंदिर में भी दो लाख से उपर भक्तों ने हाजिरी लगाई।पंचक्रोशी यात्रा के तीसरे तीर्थ पड़ाव रामेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को भोर से दो लाख से ऊपर शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन करअन्य विग्रहों, मंदिरों में मत्था टेका और दर्शन पूजन किया। डमरू दल, डीजे व झांकी संग युवाओं की भीड़ ने हर हर महादेव के जयघोष से पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।स्थानीय ग्रामीण शिवभक्तों ने वरुणा नदी में डुबकी लगाकर मन्दिर में राधा-कृष्ण मंदिर, माँ तुलजा -दुर्गा भवानी, राम लक्ष्मण जानकी, गणेश, हनुमान ,कालभैरव, नरसिंह ,साक्षी विनायक, नहुशेश्वर,





अग्निनेश्वर , पंच पालेश्वर ,झाड़ी महादेव का दर्शन किया।मेले में सुरक्षा की कमान एडीसीपी गोमती जोन, एसीपी राजातालाब ,एस डी एम राजातालाब शांतुन कुमार सीनशिनवार, खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह,नायब तहसीलदार दीपाली मौर्य,राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश दुबे,एसएचओ जनसा अनिल कुमार शर्मा,बड़ागाँव ,राजातालाब, चौकी प्रभारी रामेश्वर आदित्य सेन सिंह,हरहुआ प्रभारी सहित महिला-पुरुष पुलिस बल की तैनाती रही।ब्लाक सेवापुरी, राजस्व विभाग,स्वास्थ्य विभाग सेवापुरी, जिला पंचायत , पुरुष-महिला पुलिस, पीएसी समेत ग्राम पंचायतो व युवा समिति समेत कई संस्थाओं ने सेवा भाव से भक्तों की सेवा की।रामेश्वर मन्दिर के पुजारी अन्नू तिवारी के अनुसार दो लाख से ऊपर शिवभक्तों ने पंचक्रोशी पदयात्रा कर दर्शन किया। रामेश्वर ग्रामीण क्षेत्र कामेश्वर महादेव मंदिर बरेमा ,शिव मंदिर जंसा, खरगूपुर,भटौली,चौखंडी, परसीपुर,काशीपुर के शिवमंदिरों में



भी भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजन दर्शन किया।

**शिव भक्तों की सेवा में जुटे रहे समाजसेवी**

शिव बारातियों की सेवा कर पुण्य कमाने की लालसा लिए समाजसेवी युवाओं ने देर रात्रि से पंचकोसी मार्ग के किनारे सेवा शिविर लगाकर शिव भक्तों की सेवा करते नजर आए।मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा ने बताया देवो के देव महादेव के भक्तों की सेवा करने से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं हो सकता ,इसी लिए हम लोगों ने पूरी सच्ची लगन से भक्तों की सेवा का कार्य किया। बरेमा गांव में लगे शिविर के आयोजक अजीत सिंह ने कहा शिव भक्तों की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा करने के बराबर होती हैं।

**बिजली व्यवस्था रही दुरुस्त**

पूरे पंचकोसी मार्ग सहित पूरे जिले की बिजली व्यवस्था दुरुस्त रही जिससे रात्रि में पंचक्रोश करने वाले शिव भक्तों को किसी भी प्रकार का दिक्कत सामना नहीं करना पड़ा। एस डी ओ सेवापुरी राहुल यादव ने बताया महाशिवरात्रि के पहले से जर्जर तारों की मरम्मत कर किया गया था जिसके वजह किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आई और आपूर्ति पूरी तरह से बहाल रहा।जे ई कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया अपने अपने क्षेत्र के बिजली कर्मचारियों की महाशिव रात्रि पर क्षेत्र में मुस्तैद रहने को पहले से कहा गया था। जिसके बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चल पाया।

**मुस्तैद दिखे सफाई कर्मचारी**

महाशिवरात्रि को लेकर सेवापुरी विकास खंड के सफाई कर्मचारी पंचकोसी मार्ग पर मुस्तैद दिखे जो दो शिफ्ट में लगातार सफाई कार्य करते हुए दिखाई दिए।जिससे शिव भक्तों को काफी सहूलियत मिली। चिरंजीव राम,लालबहादुर, राम प्रकाश, सुशील कुमार,अजय यादव सहित दो दर्जन से अधिक सफाई कार्य करते नजर आए।

# शिवरात्रि पर मंदिर में महिला की सोने की चैन चोरी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जहां एक ओर श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए उमड़े, वहीं दूसरी ओर चोरी की घटना सामने आई है। कबीरचौरा निवासी शशांक गुप्ता पुत्र किशोर गुप्ता ने बताया कि वह आज सुबह लगभग 9 बजे अपनी माता इंदु गुप्ता को दर्शन-पूजन के लिए जागेश्वर महादेव मंदिर (डीएवी कॉलेज के पीछे) लेकर गए थे। दर्शन के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी माता के गले में पहनी पीली धातु की चैन चोरी कर ली गई। पीड़ित द्वारा इस संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र चौकी प्रभारी को दे दिया गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर जल्द से जल्द आरोपी की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## केंद्रीय बजट 2026-27: ग्लोबल इंडिया के लिए चैंपियन एमएसएमई तैयार करना

**समाज जागरण**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारत के आर्थिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विकास के इंजन तथा सामाजिक-आर्थिक प्रगति के प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं। ये उद्यम विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार सृजन में अहम योगदान देते हैं, जिससे बेरोजगारी और गरीबी में कमी लाने में सहायता मिलती है। 7.47 करोड़ से अधिक उद्यमों और 32.82 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने के साथ, यह क्षेत्र कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है। केंद्रीय बजट 2026झ27 में उल्लेख किया गया है कि एमएसएमई का भारत के विनिर्माण में प्त35.4% निर्यात में प्त48.58% तथा जीडीपी में 31.1% योगदान है।

गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता के साथ, बजट तीन प्रमुख कर्तव्यों को रेखांकित करता है: पहला, आर्थिक विकास को तीव्रता प्रदान करना और उसकी निरंतरता बनाए रखना; दूसरा, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति करना; और तीसरा, प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और सेक्टर तक संसाधनों, सुविधाओं तथा राष्ट्र के विकास में सार्थक भागीदारी के अवसरों तक समान पहुँच सुनिश्चित करते हुए क्षमताओं का निर्माण करना।

# बच्चों का विकास ही देश के भविष्य का मानक है: कैलाश नाथ सोनकर

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शिक्षा एवं प्रतिभा सम्मान को समर्पित अक्षरमाला विद्यार्थी गौरवम् टाइटल प्रतियोगिता 2026 का पुरस्कार वितरण समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं रचनात्मक प्रतिभा को सम्मानित कर किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम टाइटल पुरस्कार व साईकिल अंश पटेल, क्षितिज भारद्वाज एवं अभिज्ञा सिंह को प्रदान की गई। द्वितीय पुरस्कार (मेजझकुर्सी) यथार्थ पाल, वेदांश वर्मा एवं उमंग मौर्य को ,जबकि तृतीय पुरस्कार (पंखा) आयुषी राय, प्रांजल पटेल एवं रोशनी राय, शिवांगी मौर्या, एवं रुद्र सिंह को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 34 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप स्टडी टेबल एवं प्रमाणपत्र तथा 21 बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरूप स्टेशनरी किट दी गई। अन्य सभी प्रतिभागियों को निश्चित पुरस्कार के रूप में कॉपी एवं कलम प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि कैलाश नाथ सोनकर, पूर्व विधायक, अजगरा ने कहा कि बच्चों का विकास ही देश के भविष्य का मानक है। उन्होंने बच्चों को स्टेशनरी किट एवं पैकेट बैग वितरित किए। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मनोयोग से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।




इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी तेज बहादुर गुप्ता को उनके निस्वार्थ सेवा कार्यों एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए अक्षरमाला समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास हेतु समर्पित माता-पिता धन्य हैं, और वे बच्चे भी धन्य हैं जो अपने अभिभावकों के त्याग को समझकर परिश्रम से सफलता प्राप्त करते हैं।

कार्यक्रम में लाल बहादुर राम, संजय कुमार, शंभू प्रसाद, बाल गोविंद पाल, योगेश भारद्वाज, सुनील कुमार गुप्ता, शरद विश्वकर्मा, रामनरेश राजभर, भगवान दास पाल, दयाराम यादव, प्रकाश प्रजापति, शिवजतन प्रसाद गोंड, कैलाश नाथ यादव, रामनरेश राजभर, सुनील कुमार राजभर, अपूर्व निश्चय प्रकाश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रधान न्यासी गीता देवी ने आगामी शिक्षण सत्र में अक्षरमाला फाउंडेशन के द्वारा 10 बच्चों को शैक्षणिक गोद लेने की घोषणा की। इसके लिए निर्धारित मानक के आधार पर अक्षरमाला टीम जल्द ही बच्चों और उनके अभिभावकों से संपर्क से स्थापित करेगी।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिला पंचायत सदस्य सुभाष कुमार जैसल ने कहा कि ग्रामीण इलाके में अध्ययनरत बच्चों के लिए इस आयोजन के लिए मैं अक्षरमाला फाउंडेशन और सभी सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण रहा।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम निदेशक जयप्रकाश ने किया।

# हरहुआ में जायसवाल महाशिवरात्रि सेवा समिति ने शिवभक्तों का लंगर लगाकर किया सेवा, लिया आशीर्वाद

## महाशिवरात्रि सेवा समिति द्वारा भव्य भंडारे व झांकी का दिव्य आयोजन।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जायसवाल महाशिवरात्रि सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण हेतु भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, जहां शिवभक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर आकर्षक और भव्य झांकी का भी आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकी में भगवान शिव की दिव्य झलक के साथ धार्मिक आस्था और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीरेंद्र गुप्ता, अरविंदजायसवाल, ओमप्रकाश सिंह, अजय गुप्ता, अजय जायसवाल, आयुष गुप्ता एवं नंदलाल गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्य व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के धार्मिक एवं सेवा कार्यों का उद्देश्य समाज में धार्मिक सद्भाव, सेवा भाव और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। श्रद्धालुओं ने समिति के इस सेवा कार्य की सराहना की और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# श्री शक्तिपीठ बालाजी मंदिर में पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न

## *डॉ0 एस. के. सिंह गुरु प्रेरणा से नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सारनाथ स्थित श्री शक्तिपीठ बालाजी मंदिर में पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह आयोजन किया गया, जिसमें भव्य भंडारे का भी प्रबंध था।

इस आयोजन के मुख्य आयोजक साहिल हॉस्पिटल (गोईठहा, बेलवा बाबा, वाराणसी) के प्रबंधक डॉ. एस. के. सिंह थे। उन्होंने बताया कि गुरु प्रेरणा धीरेंद्र नाथ शास्त्री की कृपा से यह सामूहिक विवाह और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पांच जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

डॉ. एस. के. सिंह ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी बसाने के लिए



आवश्यक सामग्री भेंट की। विदाई के समय नवदंपतियों को लाखों रुपये के विभिन्न उपहार दिए गए और उनके सुखी जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर डॉ. एस. के. सिंह और उनके सहयोगी अतुल दुबे ने कहा, "बेटियों का विवाह संपन्न कराना और उनके चेहरे पर मुस्कान देखना सबसे बड़ी ईश्वर सेवा है। सामूहिक विवाह समाज के हर वर्ग को एकजुट करने का एक सशक्त माध्यम है।"

कार्यक्रम में वर-वधू पक्ष के परिजनों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। सभी आगंतुकों ने भव्य भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। अंत में, आयोजकों और उपस्थित लोगों ने नवदंपतियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

# महाशिवरात्रि पर हरहुआ में निकली भव्य शिव बारात, जयघोष से गूंजा पूरा क्षेत्र

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरहुआ में भव्य शिव बारात का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाला गया। शिव बारात हरहुआ बाजार से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्तिमय धुनों पर शिव भक्त नाचते-गाते आगे-आगे चल रहे थे, जिससे पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा।

बारात में कई श्रद्धालुओं ने भूत-प्रेत और शिवगणों का रूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं शिव एवं माता पार्वती के स्वरूप में सजे कलाकारों ने मनमोहक शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत किया जिससे दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

शिव बारात कोईराजपुर मोड़ से प्रारंभ होकर हरहुआ बाजार,



मंशापुर, दासेपुर और बैजलपट्टी होते हुए हरहुआ चौराहे पर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात व झांकी का स्वागत किया। कई स्थानों पर जलपान और प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी।जहां भक्तों ने छककर आनन्द लिया।

हरहुआ चौराहे पर शिव भक्तों का विशेष सम्मान किया गया। स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने माला पहनाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा शीतल पेय व नाश्ते की व्यवस्था की।

डीजे की धुन पर युवा वर्ग भी पूरे उत्साह के साथ झूमता नजर आया। देर शाम तक शिव बारात का उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना रहा, जिससे क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और आनंद के साथ मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था की कमान चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानंद द्विवेदी ,रविन्द्र नाथ दुबे, उपनिरीक्षक के0 के0 वर्मा के देखरेख में दीवान सुरेश विश्वकर्मा ,विवेक सिंह, अभिषेक कुमार, लालजी, मुकेश,नीरज राय कांस्टेबल लगे रहे।

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन (शी-बॉक्स) का आयोजन किया

- केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने 'शी-बॉक्स' लोगो, पॉश स्वैच्छिक अनुपालन जाँच सूची, मिशन शक्ति ऐप के साथ 'शी-बॉक्स' का एकीकरण और 'शी-बॉक्स' पोर्टल पर कर्मयोगी भारत पॉश प्रशिक्षण लिंक का शुभारंभ किया
- राष्ट्रीय कार्यस्थल सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई
- इस पहल का उद्देश्य देश भर के कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना है

**समाज जागरण**

इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी; आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीय समितियों (एलसी) के अध्यक्ष और सदस्य; नोडल अधिकारी; अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि; उद्योग जगत के प्रमुख; नागरिक समाज के प्रतिनिधि और अन्य प्रमुख हितधारक भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव श्री अनिल मलिक के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने 'शी-बॉक्स' के माध्यम से हुई संस्थागत प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 1.5 लाख से अधिक कार्यस्थलों को इसमें शामिल




किया गया है और प्रत्येक जिले में स्थानीय समितियां सक्रिय हैं जिससे एक राष्ट्रव्यापी सुरक्षा ढांचे की स्थापना हुई है। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं की श्रम शक्ति में भागीदारी 42 प्रतिशत है और 80 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत हैं इसलिए व्यापक कवरेज और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

इसके बाद "महिलाओं की समानता और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से विकसित भारत के चालक के रूप में सुरक्षित कार्यस्थल" शीर्षक वाली एक विषयगत फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

उद्घाटन सत्र के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने शी-बॉक्स लोगो, पॉश स्वैच्छिक अनुपालन जाँच सूची, मिशन शक्ति ऐप के साथ शी-बॉक्स का एकीकरण और शी-बॉक्स पोर्टल पर कर्मयोगी भारत पॉश प्रशिक्षण लिंक प्रारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रीय कार्यस्थल सुरक्षा शपथ भी दिलाई जिससे देशभर में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल सुनिश्चित करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को बल मिला।

अपने मुख्य भाषण में श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा केवल एक वैधानिक आवश्यकता नहीं है बल्कि न्याय और समानता के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'शी-बॉक्स' पोर्टल पर 1.48 लाख से अधिक संस्थान पंजीकृत हैं, 60,000 से अधिक आंतरिक समितियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं और पिछले छह वर्षों में महिला श्रम बल की भागीदारी 23 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गई है। इससे पता चलता है कि भारत उत्तरदायी और महिला-नेतृत्व वाले विकास की दिशा में निर्णायक बदलाव देख रहा है। 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऐतिहासिक लैंगिक बजट आवंटन का उल्लेख करते हुए उन्होंने दोहराया कि महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का केंद्रबिंदु हैं और वास्तव में एक विकसित भारत वह होगा जहां हर महिला बिना किसी डर के काम कर सके और नेतृत्व कर सके।



इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने अपने विशेष संबोधन में कार्यस्थल सुरक्षा को मौलिक अधिकार बताया। उन्होंने सशक्तिकरण के व्यापक तंत्र के बारे में बताया जिससे अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी मजबूत हुई है - 2023-24 में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी बढ़कर लगभग 41.7 प्रतिशत होने से लेकर मुद्रा ऋणों का 70 प्रतिशत महिलाओं को दिये जाने, पीएम स्वनिधि लाभार्थियों में 44 प्रतिशत महिलाएं होने और 90 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं का जुड़ा होना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये आंकड़े प्रगति दर्शाते हैं, लेकिन अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक महिला जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे। इन्हीं भावनाओं को दोहराते हुए, राज्यसभा सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की समानता और न्याय के प्रति संवैधानिक प्रतिबद्धता का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि पॉश अधिनियम और शी-बॉक्स पोर्टल जैसे विधायी और संस्थागत तंत्र सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वास को मजबूत करते हैं।

देशव्यापी पॉश प्रशिक्षण वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सुरक्षित कार्यस्थलों को बढ़ावा देने में नए श्रम संहिता की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। "अनुपालन को मजबूत करना और सुरक्षित कार्यस्थल संस्कृति का निर्माण करना" विषय पर एक पैनल चर्चा में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, संसद, भारत के सर्वोच्च न्यायालय, संयुक्त राष्ट्र महिला और अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी), विश्व बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ-साथ कार्यस्थल सुरक्षा और लैंगिक अधिकारों के विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य संस्थागत उत्तरदायित्व को मजबूत करना, वैश्विक सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को साझा करना और संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में अनुपालन तंत्र को बढ़ाना था ताकि सुरक्षित और अधिक समावेशी कार्यस्थलों का निर्माण किया जा सके।

इस सम्मेलन में सरकारी और निजी क्षेत्रों के 160 से अधिक संगठनों के लगभग 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 40,000 से अधिक लोग लाइव वेबकास्ट के माध्यम से वर्चुअली जुड़े जिससे व्यापक स्तर पर इसकी पहुंच सुनिश्चित हुई।

# लाखन आर्मी टीम बलरामपुर द्वारा महाराजा टीकन पासी जी व राजा रुद्र भर पासी जी का जयंती मनाया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर विकास खण्ड हरैया सतघरवा शिवपुरा के झरिहर डीह (चौधरीडीह) में महाराजा टीकन पासी जी व राजा रूद्र भर पासी जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि लाखन आर्मी टीम श्रावस्ती पासी समाज में तमाम उपजातियों को एक साथ आने की जरूरत है हमें खानपान रोटी बेटी का संबंध बनाना चाहिए हम जब अपने समाज को एकजुट करना होगा हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की जरूरत है पासी समाज को एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करना होगा। गांव-गांव, घर-घर जाकर कार्यक्रम आयोजित कर सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभ दिलाने का प्रयास करना चाहिए लाखन आर्मी टीम का मुख्य उद्देश्य है कि गरीबों, मजदूरों को सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जोड़ कर




आगे बढ़ाना एवं हम सबको मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की ओर ध्यान देना है

पासी समाज को एकजुट करके अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा अपने समाज में जन्मे राजाओं एवं महाराजाओं के इतिहास के बारे में बताना होगा राजा, राजा महाराजा कोई एक जाति धर्म का नहीं होता है वो सभी समाज को एक साथ लेकर चलने का काम करता है लाखन आर्मी टीम बहराइच के जिलाध्यक्ष राम नरायन ने कहा कि पासी समाज नशा जैसी बुराइयों को त्याग करने की जरूरत है एवं बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा।

पासी मनोज कुमार चौधरी मंडल अध्यक्ष देवीपाटन मंडल गोंडा ने कहा कि हम सभी युवाओं को लाखन आर्मी टीम को मजबूत बनाना होगा

**कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम**

बलरामपुर जिलाध्यक्ष बेचू दयाल पासी,रामशंकर पासी, वैजनाथ कुलदीप, जिला उपाध्यक्ष बलरामपुर मंशाराम पासी, शेष राम पासी, जिला प्रभारी प्रदीप कुमार पासी, लाखन आर्मी टीम बलरामपुर जिला उपाध्यक्ष बुधराम पासी,पिन्टू पासी, विकास आर्या, दिनेश पासी, पहलवान यादव, अर्जुन प्रसाद आर्या, शीतल पासी आदि के साथ-साथ सैकड़ों पासी समाज एवं अन्य समाज के सम्मानित कार्यकताओं ने प्रतिभाग किया

# सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना- "पीएम राहत" का शुभारंभ किया

प्रधानमंत्री ने सेवा तीर्थ शिफ्ट होने के तुरंत बाद लिए अपने प्रथम निर्णय में पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार) योजना के शुभारंभ को स्वीकृति प्रदान की। यह निर्णय–सेवा, करुणा और कमजोर नागरिकों की सुरक्षा पर आधारित शासन के दृष्टिकोण को प्रतिबिम्बित करता है। यह कदम सरकार की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि सड़क दुर्घटना के बाद तत्काल चिकित्सीय सहायता के अभाव में किसी भी व्यक्ति को जान नहीं गंवानी पड़े।

भारत में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में बहुत अधिक संख्या में मौते होती हैं, जिनमें से अनेक को समय पर चिकित्सीय सहायता प्रदान कर टाला जा सकता है। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि यदि दुर्घटना पीड़ितों को पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए, तो लगभग 50% मौतों को टाला जा सकता है। सेवा तीर्थ से पीएम राहत को स्वीकृति देकर प्रधानमंत्री ने जीवनरक्षक हस्तक्षेप, अस्पतालों के लिए वित्तीय सुनिश्चितता और दुर्घटना पीड़ितों के लिए सुव्यवस्थित आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने को प्राथमिकता दी है।

# बेटे के इलाज के लिए गूगल पर डॉक्टर का नंबर सर्च करना पड़ा भारी, अपाइंटमेंट के नाम पर 1.59 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी



**समाज जागरण**

शहडोल। शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से ऑनलाइन ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बेटे के इलाज के लिए डॉक्टर का नंबर गूगल पर सर्च करना एक परिवार को भारी पड़ गया। ठगों ने डॉक्टर बनकर बात की और उपचार के नाम पर एक ऐप डाउनलोड कराकर शिक्षक की पत्नी से एक लाख उनसठ हजार रुपये की ठगी कर ली। अब पीड़ित परिवार पैसे वापस दिलाने की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन से गुहार लगा रहा है। जानकारी के अनुसार, ब्यौहारी निवासी शिक्षक शिवेश कुमार सिंह के छोटे बेटे का इलाज नागपुर में चल रहा है। बेटे की तबीयत खराब होने पर उसकी मां आरती सिंह डॉक्टर से अपाइंटमेंट लेने के लिए गूगल पर नंबर सर्च कर रही थीं, इसी दौरान उनका कॉल असली डॉक्टर के बजाय साइबर ठगों के पास पहुंच गया। ठगों ने खुद को डॉक्टर का स्टाफ बताते हुए विश्वास में लिया और एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करने को कहा।

**खाते से रकम निकालना शुरू कर दी-:**

महिला ने जैसे ही ऐप डाउनलोड किया, ठगों ने चरणबद्ध तरीके से उनके खाते से रकम निकालनी शुरू कर दी। पहले दो बार में 50-50 हजार रुपये और फिर एक बार में 59 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। इस तरह कुल एक लाख 59 हजार रुपये की ठगी हो गई। महिला की छोटी सी गलती के चलते न सिर्फ मेहनत की कमाई चली गई, बल्कि डॉक्टर का अपाइंटमेंट भी नहीं मिल सका।

अब शिक्षक पिता अपने बीमार बेटे के इलाज और ठगी के शिकार हुए पैसे की वापसी के लिए करीब 100 किलोमीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। इस मामले में एडिशनल एसपी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। महिला द्वारा डॉक्टर का नंबर गूगल पर सर्च किया गया था, जो ठगों के पास कनेक्ट हो गया। फिलहाल मामले की साइबर सेल के माध्यम से जांच कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

# 634 करोड़ की ठगी पर मध्य प्रदेश बेबस, यूपी में 75 साइबर थाने; एमपी में अब भी सिर्फ एक के भरोसे सुरक्षा



**समाज जागरण**

भोपाल। साइबर ठगी की घटनाएं और राशि लगातार बढ़ने के कारण अधिकतर बड़े राज्यों ने चुनौतियों से निपटने के लिए अपने संसाधन बढ़ाए, लेकिन मध्य प्रदेश इसमें पिछड़ा ही रह गया। भोपाल में प्रदेश का एकमात्र साइबर थाना है, जबकि उत्तर प्रदेश में 75 हैं। पूरे देश की बात करें तो 500 से अधिक साइबर थाने हैं। पुलिस मुख्यालय ने दो वर्ष पहले सभी जिलों में एक-एक साइबर थाना बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था, लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। वर्ष 2026-27 के बजट में राशि मिलने की आशा थी, पर अभी तक थानों के लिए बल ही स्वीकृत नहीं हुआ है।

**634 करोड़ रुपये की साइबर ठगी-:**

बता दें, प्रदेश के लोगों से वर्ष 2025 में 634 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई है, जिसमें 137 करोड़ रुपये ही होल्ड कराए जा सकें। इस मामले में पांच राज्य मध्य प्रदेश से बेहतर स्थिति में हैं। वर्ष 2020 के बाद से अब तक देखें तो मध्य प्रदेश में एक साइबर थाना तब भी था और अभी भी वही स्थिति है। हरियाणा जैसे छोटे राज्य में दो थाने थे, जो अब बढ़कर 29 हो गए हैं। गुजरात में चार से बढ़कर 39, बिहार में एक से बढ़कर 44, केरल में 20, महाराष्ट्र में 47, राजस्थान में 34 और तमिलनाडु में 54 थाने संचालित हो रहे हैं। साइबर थाने का लाभ यह है कि उसका अलग से अमला होता है, जिससे मात्र साइबर अपराधों की विवेचना करनी होती है। इससे आरोपित की पहचान, गिरफ्तारी, विवेचना जल्दी हो जाती है। मध्य प्रदेश में अभी साइबर के अपराध सामान्य थानों में भी दर्ज हो रहे हैं, जबकि वहां इसमें दक्ष अमला नहीं है।

**पहले चरण में पांच से छह थाने खोलने को हो सकता है निर्णय-:**

साइबर मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्ताव सभी जिलों के लिए भेजा गया है, पर पहले चरण में उन जिलों में पांच से छह थानों के लिए शासन से स्वीकृति मिल सकती है, जहां साइबर अपराध की घटनाएं अधिक हो रही हैं। इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा आदि जिले हो सकते हैं। इसका प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा जाएगा।

# रीवा में अवैध बालू-गिट्टी का काला कारोबार, जिम्मेदारों पर संरक्षण के आरोप

**समाज जागरण**

रीवा। शहर से सटे बाईपास क्षेत्र में अवैध बालू भंडारण और गिट्टी के परिवहन का बड़ा मामला सामने आया है। नगर निगम सीमा से बाहर, लेकिन शहर के नजदीक इलाकों में दर्जनों हाइवा (ट्रक) बालू का भंडारण खुलेआम किए जाने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोही, गड़रिया, जोरी टोल प्लाजा और समान पुल के आसपास बिना नंबर प्लेट के ट्रकों से बालू उतारी जा रही है और बड़े पैमाने पर स्टॉक किया जा चुका है। आरोप है कि यह पूरा खेल खनिज विभाग की जानकारी के बिना संभव नहीं है। लोगों का कहना है कि नियम-कायदों को दरकिनार कर अवैध बालू का ह्लसर्वरह्व या दस्तावेज दो दिन पहले ही तैयार हो जाते हैं, जिससे कार्रवाई का खतरा खत्म हो जाता है। वहीं देर रात गिट्टी के अवैध परिवहन की भी शिकायतें सामने आ रही हैं।

सूत्रों का दावा है कि कलेक्टर कार्यालय के समीप स्थित खनिज विभाग की आंखों के सामने यह कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन कार्रवाई न के बराबर है। आमजन में यह चर्चा है कि फाइलों की धूल झाड़ने का ह्लरेटह्व तय है, लेकिन अवैध भंडारण पर सख्ती नहीं दिखती। इतना ही नहीं, पंजीयन (रजिस्ट्रार) कार्यालय पर भी आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की चर्चा है। लोगों का सवाल है कि अक्सर लोकायुक्त की कार्रवाई पटवारी, बिजली विभाग के बाबू या पुलिस आरक्षकों तक ही सीमित क्यों रहती है? क्या कभी पंजीयक, उप पंजीयक और खनिज विभाग के अधिकारियों की संपत्ति की निष्पक्ष जांच होगी?

जनता का मानना है कि यदि उच्चस्तरीय एजेंसी जैसे मध्य प्रदेश लोकायुक्त द्वारा खनिज और पंजीयन विभाग की व्यापक जांच की जाती है, तो आमजन का भरोसा व्यवस्था पर और मजबूत होगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर क्या रुख अपनाता है क्या अवैध बालू और गिट्टी के इस कथित खेल पर नकेल कसेगी या फिर यह कारोबार यूं ही चलता रहेगा?

# महाशिवरात्रि पर सिद्ध बाबा डूंगरिया धाम में उमड़ा लाखों की आस्था का सैलाब, एकादश मुखी संकट मोचन मंदिर बना श्रद्धा का केंद्र

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा सिद्ध बाबा डूंगरिया धाम

**समाज जागरण**

अमलाई। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अमलाई डूंगरिया टोला स्थित सिद्ध बाबा डूंगरिया धाम में इस वर्ष भी आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। देवों के देव महादेव को समर्पित यह पावन धाम पूरे दिन और रात्रि भर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा क्षेत्र मानो शिवमय हो उठा। धाम परिसर में स्थित एकादश मुखी संकट मोचन मंदिर तथा भगवान भोलेनाथ के भव्य मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अलग-अलग मंदिरों में विराजमान भगवान शिव और एकादशमुखी हनुमान जी के दर्शन कर भक्तों ने स्वयं को धन्य महसूस किया। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है।

**प्रातः से रात्रि तक चला धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम**

महाशिवरात्रि की शुरूआत ब्रह्म मुहूर्त में विशेष अभिषेक और रुद्र पाठ के साथ हुई। विद्वान आचार्यों और पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और विशेष श्रृंगार किया गया। दिनभर भजन-कीर्तन, शिव स्तुति और हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। श्रद्धालु उपवास रखकर, जल चढ़ाकर और रात्रि जागरण कर महादेव की आराधना करते नजर आए। धाम में लगभग 24 घंटे पूजा-अर्चना का क्रम निरंतर चलता रहा। दर्जनों पंडित भगवान की सेवा में समर्पित रहे। स्थानीय महिला मंडल द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को अत्यंत भक्तिमय बना दिया।

**विशाल भंडारे में हजारों ने पाया प्रसाद**

सनातन धर्म सत्संग समाज एवं मारुति नंदन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महापर्व में विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बैठकर प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालुओं का दृश्य सामूहिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया।

**मेले में दिखी रौनक, दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु**

मंदिर परिसर के बाहर मेले का भी भव्य आयोजन किया गया। पूजा सामग्री, प्रसाद, खिलौने और धार्मिक वस्तुओं की दुकानों से पूरा क्षेत्र सजा रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह देखने को मिला। शहडोल, अनूपपुर, उमरिया सहित आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे।

सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की टीम पूरे समय सक्रिय रही। पार्किंग, पेयजल और दर्शन व्यवस्था को सुचारु रखने के विशेष प्रयास किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आस्था, विश्वास और चमत्कारों का केंद्र बनता धाम धीरे-धीरे सिद्ध बाबा डूंगरिया धाम अपनी अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा और चमत्कारिक अनुभूतियों के कारण दूर-दूर तक प्रसिद्ध हो चुका है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां भगवान भोलेनाथ और एकादशमुखी हनुमान जी की कृपा से कठिन से कठिन संकट भी दूर हो जाते हैं। आज यह धाम केवल एक पूजा स्थल नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के बीच अटूट प्रेम, विश्वास और आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत प्रमाण बन चुका है। महाशिवरात्रि के अवसर पर उमड़ी आस्था की यह विराट तस्वीर लंबे समय तक श्रद्धालुओं के हृदय में स्मरणीय रहेगी।

# मनगवां में आलिम सटोरिया का नेटवर्क चर्चा में? वर्षों से कर रहा सट्टा कारोबार जांच की उठी मांग

**समाज जागरण**

रीवा जिले के मनगवां क्षेत्र में कथित सटोरिया आलिम एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों के बीच यह नाम लंबे समय से सट्टा कारोबार से जुड़े होने के आरोपों के कारण सुर्खियों में रहा है। आरोप है कि इस व्यक्ति ने वर्षों से सट्टे का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर रखा है और कई लोगों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया है। सूत्रों और क्षेत्रीय चचाओं के अनुसार, कथित सटोरिये पर आरोप है कि उसने कई संपन्न लोगों को सट्टे की लत में फंसाकर आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया। इतना ही नहीं, यह भी कहा जा रहा है कि उसका प्रभाव इतना मजबूत है कि उसके खिलाफ कार्यवाही को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कथित तौर पर संबंधित व्यक्ति द्वारा अपने प्रभाव और संपर्कों का दावा किया जाता रहा है। वहीं आम नागरिकों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि यदि इतने लंबे समय से सट्टा कारोबार की बातें सामने आ रही हैं, तो इस पर ठोस कार्यवाही क्यों नहीं हुई? इस मामले में अब लोगों ने प्रशासन और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि कोई अवैध गतिविधि हो रही है तो उस पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# बिरसिंहपुर पाली के कटिया धान में श्रीमद भागवत कथा का भव्य समापन, महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक, मंदिरों में पूजन व भंडारे में उमड़ा जनसैलाब



**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली के वार्ड क्रमांक 02 स्थित शिव शांति कुटिया धाम में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य समापन संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया।

कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास एवं अध्यात्म रत्न पूज्य प्रदीप कृष्ण जी महाराज (वृंदावन) द्वारा किया गया, जिनके प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को धर्म, सदाचार और मानव सेवा का संदेश दिया।

आयोजन समिति के सदस्य एवम समाज सेवी गोपाल वासवानी ने बताया की श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार बनाई गई थी कि कथा का समापन महाशिवरात्रि पर्व के एक दिन पूर्व हो सके, ताकि महाशिवरात्रि के अवसर पर कथा भंडारा एवं पर्व के धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ श्रद्धालुओं को एक साथ मिल सके। महाशिवरात्रि पर्व के दिन कुटिया धाम परिसर में वृहद सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दुग्ध, बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल एवं पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। वहीं धार्मिक नगरी पाली स्थित प्रसिद्ध माता बिरासिनी मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को जल, दूध, बेलपत्र, चंदन, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

इसके साथ ही नगर के छोटे-बड़े सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना के साथ भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

समापन अवसर पर आयोजक समिति, महिला मंडल एवं स्वयंसेवकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में नगरवासियों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# समाजवादी पार्टी के बिन्दौवा स्थित कार्यालय पर SIR को लेकर बैठक की गई



**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के बिन्दौवा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में SIR के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर रविवार को बिन्दौवा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में SIR विषय को लेकर बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की।बैठक में मोहनलालगंज ब्लॉक के सभी पदाधिकारी, नेतागण, जोन प्रभारी, पर्यवेक्षक, बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और BLA-2 पदाधिकारी शामिल हुए। संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों से जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथियों के रूप में,पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, जिला महासचिव शब्बीर खान,अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्रवण यादव, बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष राज किशोर रावत (राजू), जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह यादव, अशर्फी लाल धीमान, जिला सचिव ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, विजय सिद्धार्थ, मधुकर सिंह यादव, विधानसभा महामंत्री गजराज रावत, मो.रईस, सभासद राजू कुरैशी, गुड्डू यादव, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, दिलीप यादव, संजय यादव, सनी यादव,दिनेश यादव, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध सट्टा खिलाने वाले गिरोह पर सोहागपुर पुलिस की दो आरोपियों पर पड़ी कार्यवाही

**समाज जागरण**

शहडोल जिले में अवैध जुआ सट्टा गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु शहडोल पुलिस द्वारा की जा रही सतत कार्यवाही के तहत थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा अवैध सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों पर कार्यवाही की गई है दिनांक 14 2 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सोहागपुर गढी क्षेत्र में राजेश सोनी उर्फ पप्पू पिताश्री दानीराम सोनी अपने घर के सामने रूपयो पैसों की हार जीत की बाजी लगाकर अवैध सट्टा पर्ची लिखकर सट्टा का खेल खिला रहा है सूचना की तस्दीक उपरांत सोहागपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही की गई मौके पर आरोपी राजेश सोनी उर्फ पप्पू को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया उसके कब्जे में निम्न सामग्री जप्त की गई 17 नाग सट्टा पर्ची दो नाग कार्बन के टुकड़े नगदी रकम 17810 रुपए तीन डॉट पेन एक नाग दबती एक नाग कैलकुलेटर एक नग सैमसंग कंपनी का चालू मोबाइल जप्त किया गया पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि वह अपने साथी विनीत द्विवेदी उर्फ ललन द्विवेदी निवासी सोहागपुर जरवाही थाना सोहागपुर के साथ मिलकर सट्टा पर्ची का अवैध कारोबार संचालित कर रहा था आरोपी राजेश द्वारा सट्टा पर्चियां का टोटल अंक मोबाइल फोन के माध्यम से विनीत द्विवेदी को भेजा जाता था तथा प्रतिदिन सट्टा बुकिंग एवं राशि का हिसाब दिया जाता था पुलिस द्वारा आरोपी विनीत द्विवेदी उर्फ ललन द्विवेदी को दस्तयाब कर पूछताछ की गई जिसने बताया वह इतवारी मोहल्ला थाना कोतवाली जिला शहडोल निवासी एक अन्य व्यक्ति के साथ साझेदारी में सत्ता संचालन कर रहा था आरोपी विनीत द्विवेदी के कब्जे से निम्न सामग्री जप्त की गई है एक नाग सिंघई कंपनी का रजिस्टर जिसके प्रस्तों में सटटा के अंक ले पाए गए एक नाग कैलकुलेटर दो नग डॉट पेन एक नग वीवो कंपनी का मोबाइल जिसमें जिओ कंपनी का सिम सकरी आरोपी गण राजेश सोनी उर्फ पप्पू पिता श्री दानीराम सोनी उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 भंडारी मंदिर के पास सोहागपुर गाड़ी थाना सोहागपुर जिला शहडोल

विनीत द्विवेदी उर्फ ललन द्विवेदी निवासी सुहागपुर जलवाही थाना सुहागपुर तथा अन्य एक व्यक्ति निवासी इतवारी मोहल्ला थाना कोतवाली जिला शहडोल के विरुद्ध एब्लिक गैंबलिंग एक्ट एवं बी एन एस के अंतर्गत अपराध पंजी व्रत कर विवेचना में लिया गया है सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी सुहागपुर निरीक्षक अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में संतोष कल शैलेंद्र रावत राजकुमार जायसवाल त्रिलोक सिंह विवेक झारिया एवं म आर मेनका धूम खेती की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# उतरठिया स्थित प्राचीन मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

## जय भोले के नारों से गूंजा मंदिर परिसर



**समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के उतरठिया स्थित प्राचीन मंदिर में रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली भोले बाबा के भक्त तड़के से ही मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर परिसर "जय भोले" के जयघोष से गुंजायमान रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की गईं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। अनिल पांडेय, राम किशन वर्मा एवं पंडित जी द्वारा श्रद्धालुओं को केला वितरित किया गया। वहीं नितिन कन्नौजिया, मानसिंह यादव, बबलू पांडेय और अतुल शर्मा ने बूंदी का प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। सुबह से दोपहर तक मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भक्तिभाव के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# भंडार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया

## प्राचीन काशेश्वर महादेव मंदिर से निकली शिव बारात



**(संवाददाता)विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण**

राजधानी लखनऊ में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मोहनलालगंज कस्बे में स्थित प्राचीन काशेश्वर महादेव मंदिर सहित कालेबीर बाबा मंदिर परिसर भक्तो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दुग्धआभिषेक व विधिवत पूजा-अर्चना-आरती-बंदना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसरों में कड़ी-चावल, ठंडाई, पूड़ी-सब्जी, हलुवा व बूंदी आदि प्रसाद का वितरण किया गया। वही दूसरी और यूपीएएल फैक्ट्री परिसर स्थित शिव मंदिर में भी महाप्रबंधक जी.एन. श्रीवास्तव व आशीष गुप्ता द्वारा रूद्राभिषेक व पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों व राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं कालेबीर बाबा मंदिर परिसर में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भगवान शिव के ज्योतिर्लिंगों की पूजा-अर्चना व रूद्राभिषेक के पश्चात पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे का आयोजन भाजपा युवा मौर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडे (धीरू) व चक्की पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या ,अर्चना मिश्रा व विधायक अमरेश कुमार रावत ,भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या, जिला सहकारी बैंक लखनऊ के अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह, (ब्लाकप्रमुख)ओम प्रकाश शुक्ल, चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडेय,पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्णा लोधी, अधिवक्ता ऋषि द्विवेदी,नवीन मिश्रा आशीष तिवारी,अंकित तिवारी प्रदीप सिंह,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।इसी क्रम में मोहनलालगंज के मऊ गांव के सपा नेता नितुल शर्मा ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना व हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। गनियार गांव में देशपाल सिंह व पत्रकार सुरेश सिंह द्वारा रामचरितमानस के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। महा शिवरात्रि के अवसर पर कस्बे स्थित प्राचीन काशेश्वर महादेव मंदिर से भगवान शिव की दूल्हा स्वरूप में सजी भव्य पालकी के साथ विशाल शिव बारात निकाली गई। बारात में शामिल श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव व हर-हर बम-बम के गगनभेदी जयघोष से पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। बारात कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह की पौराणिक परंपरा का विधिवत निर्वहन किया गया।शिव बारात में युवाओं व महिलाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला। डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडे व प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी कस्बा चौकी प्रभारी अतुल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। सभी ने मिलाकर महाशिवरात्रि का पर्व मोहनलालगंज क्षेत्र में आस्था,भक्ति और सामाजिक समरसता के भव्य उत्सव के रूप में मनाया गया।

# विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार पर बढ़ा भरोसा, फरवरी में ₹20,000 करोड़ की खरीदारी से आई स्थिरता

वहीं, वैश्विक उभरते बाजार (जीईएम) इक्विटी फंडों ने पिछले सप्ताह 6.9 अरब डॉलर का पूंजी प्रवाह आकर्षित किया भारतीय शेयरों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का निवेश साल की शुरूआत में भारी बिकवाली के बाद स्थिरता के शुरूआती संकेत दिखा रहा है। जनवरी में लगभग 36,000 करोड़ रुपये (लगभग 4 अरब डॉलर) की शुद्ध निकासी के बाद एफपीआई शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने लगभग 20,000 करोड़ रुपये की खरीदारी की है जिसमें शुक्रवार की 7,400 करोड़ रुपये की बिकवाली शामिल नहीं है, जो आईटी शेयरों में गिरावट के कारण हुई। इन निवेश के स्रोतों पर करीब से नजर डालें तो पता चलता है कि यह बदलाव भारत-केंद्रित फंडों में सुधार के कारण आया है। इसमें उभरते बाजारों (ईएम) की व्यापक रणनीतियों में तेज और निरंतर प्रवाह भी वजह रही। इन रणनीतियों में भारत एक प्रमुख आवंटन बना हुआ है। इलारा कैपिटल के एक विश्लेषण के अनुसार भारत-केंद्रित फंडों ने पिछले सप्ताह 21.7 करोड़ डॉलर का पूंजी निवेश दर्ज किया। यह सात महीनों में सबसे अधिक है। ब्रोकरेज ने कहा कि ये प्रवाह पूरी तरह से ईटीएफ-आधारित थे, जिसमें से अधिकांश अमेरिका और आयरलैंड में स्थित निवेश माध्यमों से आए। वहीं, वैश्विक उभरते बाजार (जीईएम) इक्विटी फंडों ने पिछले सप्ताह 6.9 अरब डॉलर का पूंजी प्रवाह आकर्षित किया। इससे पहले के दो सप्ताह में 5 अरब डॉलर और 11 अरब डॉलर का निवेश आया था। इलारा ने कहा कि 2016-18 के बाद जीईएम आवंटन में यह सबसे मजबूत रफ्तार है। इसके विपरीत, लॉन्ग-ओनली इंडिया फंडों में सितंबर 2025 से लगातार निकासी देखी जा रही है, जो मुख्य रूप से जापान और लक्जमबर्ग स्थित निवेशकों की है।

# मोदी सरकार में डिजिटल इंडिया गरीबों को सस्ता अनाज देने के क्षेत्र में पदार्पण कर रहा है

**समाज जागरण**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित पारदर्शी, आधुनिक व सरल सार्वजनिक वितरण व्यवस्था (PDS) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से आज डिजिटल इंडिया का विस्तार खाद्य और आपूर्ति की व्यवस्था तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में 60 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके पूरे परिवार में एक भी बैंक खाता नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में होने वाले कुल डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में से आधे भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज वही डिजिटल इंडिया, देश के गरीबों को सस्ता अनाज देने के क्षेत्र में पदार्पण कर रहा है। श्री शाह ने कहा कि इस पद्धति से गरीबों को राशन देने के सिस्टम में से भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश में कनेक्टिविटी के विस्तार से अब डिजिटल तरीके से गरीबों को सीधे अनाज मिलने की व्यवस्था हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) ने देश में से घपले-घोटालों को समाप्त कर दिया, उसी प्रकार खाद्य आपूर्ति मंत्रालय का यह कदम आने वाले दिनों में पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित करेगा। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मंत्र, Minimum Government, Maximum Governance, को आज एक नए क्षेत्र में जमीन पर उतारने का काम हो रहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी और प्रधानमंत्री मोदी जी की गरीबों के प्रति संवेदना का अनूठा संगम यह वितरण प्रणाली सुरक्षित, पारदर्शी तरीके से गरीबों के अधिकार की सुरक्षा का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि आज अन्नपूर्ति मशीन का भी लोकार्पण हुआ है, जो 35 सेकंड में 25 किलो अनाज का वितरण कर रही है।श्री शाह ने कहा कि 3-4 साल में ही पूरे देश में यह प्रणाली लागू हो जाएगी।उन्होंने कहा कि यह अनाज वितरण प्रणाली पूरी तरह से पारदर्शी होगी और इसके लागू होने के बाद देश के हर गरीब को 5 किलो मुफ्त अनाज मिल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर गुणवत्ता, सटीक मात्रा और पारदर्शी वितरण में अन्नपूर्ति मशीन सहायक सिद्ध होगी। श्री शाह ने कहा कि धीरे-धीरे कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक हमारे विशाल देश में इस प्रणाली को लागू करना चाहिए।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज देश के 1 लाख 7 हजार गांवों में कनेक्टिविटी पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो मुफ्त अनाज देने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि यह खाद्य सुरक्षा अब पारदर्शी हो गई है। उन्होंने कहा कि देश के 1 करोड़ 9 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को स्वनिधि योजना का फायदा प्रधानमंत्री मोदी जी ने पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि ठोस नीतियों से 10 वर्ष में 60 करोड़ से अधिक लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने और 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर लाने का काम भी मोदी सरकार ने किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी और उनकी सरकार हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करते हैं। श्री शाह ने कहा कि पिछली सरकार में कृषि बजट मात्र 26 हजार करोड़ रूपए था जिसे प्रधानमंत्री मोदी जी ने बढ़ाकर 1 लाख 29 हजार करोड़ रूपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने 70 साल में सिर्फ एक बार कर्ज.माफी से किसानों को गुमराह करने का काम किया जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी 10 साल से हर किसान के बैंक खाते में 6 हजार रुपए हर साल भेजकर ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि किसान को कर्ज लेना ही न पड़े।

श्री अमित शाह ने कहा कि यूरोपीय संघ और इंग्लैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील पर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन कर किसानों को असुरक्षित किया था। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ और इंग्लैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इन समझौतों के माध्यम से भारत के डेयरी क्षेत्र को भी सुरक्षित करने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। श्री शाह ने कहा कि इन समझौतों के माध्यम से हमारे कृषि और मछुआरों के उत्पाद पूरी दुनिया में पहुंचने का रास्ता खुल गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कभी भी किसानों, मछुआरों, पशुपालकों के हितों के साथ समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी आज भी देश के किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं।

